# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,735.96 | 203.22 ▼ |
| निफ्टी | 22,906.75 | 26.15 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 89,450 /- | 50/- ▲ |
| चांदी | 10,300/- | 700/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | तेजी |
|---|---|---|
| रुपया | 86.65 | 33 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 76.07/ बैरल | 0.04% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।



*दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित हरियाणा में जींद के गांव नंदगढ़ निवासी रेखा गुप्ता (50) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की कमान संभाल ली। वे दिल्ली की नौवीं एवं चौथी महिला सीएम बनीं हैं। रेखा से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री रहीं हैं। राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।*

# जींद की रेखा ने संभाली दिल्ली की कमान, 6 मंत्रियों ने भी ली शपथ

**दिल्ली की 9वीं एवं चौथी महिला सीएम बनीं गुप्ता**

## रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री

**विभाग : गृह, वित्त, सेवा, विजिलेंस, महिला एवं बाल कल्याण व प्लानिंग**

**शिक्षा : ग्रेजुएट प्रोफेशनल**
**उम्र : 50 साल**

### दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की वापसी, शपथ समारोह में राजग शासित राज्यों के सीएम भी पहुंचे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में जींद के गांव नंदगढ़ निवासी रेखा गुप्ता (50) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की कमान संभाल ली। वे दिल्ली की नौवीं एवं चौथी महिला सीएम बनीं हैं। रेखा से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री रहीं हैं। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में, ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की। गुप्ता के बाद प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज और पंकज कुमार सिंह ने नई मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी हो गई। हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता शालीमार बाग से विधायक निर्वाचित हुई हैं। वह मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली में भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वह, वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। वहीं वर्तमान में देश में ममता बनर्जी के के बाद दूसरी महिला सीएम भी है। शपथ ग्रहण करने के बाद रेखा गुप्ता ने कैबिनेट के साथ यमुना के वासुदेव घाट पर यमुना मैया की पूजा की और आरती की। इसके बाद सचिवालय में पहली कैबिनेट मीटिंग हुई। यह एक घंटे तक चली। कैबिनेट की पहली बैठक में दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू करने और विधानसभा के सत्र में 14 कैग रिपोर्ट्स पेश करने को मंजूरी दी गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना की सफाई बड़ा मुद्दा था। भाजपा ने भी अपने मेनिफेस्टो में यमुना की सफाई का वादा किया था। यह कार्यक्रम इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने सभी वादे पूरे करेगी।

(संबंधित पैकेज पेज 8 पर)

## पहली कैबिनेट बैठक में फैसले ▶▶ आयुष्मान योजना मंजूर, 10 लाख तक स्वास्थ्य कवर मिलेगा ▶▶ मंत्रिमंडल के साथ वासुदेव घाट पर यमुना की पूजा

### शपथ ग्रहण के 4 घंटे बाद बाद विभाग बांटे, प्रवेश डिप्टी सीएम



**प्रवेश वर्मा**
विभाग : पीडब्ल्यूडी, जल, विधायी मामले, सिंचाई और बाढ़
उम्र : 47 साल
शिक्षा : पोस्ट ग्रेजुएट



**मनजिन्दर सिरसा**
विभाग : उद्योग, वन एवं पर्यावरण खाद्य आपूर्ति
उम्र : 52 साल
शिक्षा : 12वीं पास



**रविंदर इंद्राज**
विभाग : समाज कल्याण, एससी/एसटी व सहकारिता
उम्र : 50 साल
शिक्षा : ग्रेजुएट



**पंकज कुमार**
विभाग : स्वास्थ्य, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी
उम्र : 48 साल
शिक्षा : ग्रेजुएट



**कपिल मिश्रा**
विभाग : कानून एवं न्याय श्रम, रोजगार और पर्यटन
उम्र : 44 साल
शिक्षा : पोस्ट ग्रेजुएट



**आशीष सूद**
विभाग : गृह, बिजली, शहरी विकास व शिक्षा
उम्र : 58 साल
शिक्षा : ग्रेजुएट

### समारोह में ये रहे मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इनके अलावा चंद्रबाबू नायडू, देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजीत पवार और पवन कल्याण सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी इस समारोह के साक्षी बने। रामलीला मैदान में कई गणमान्य हस्तियां और बड़ी संख्या में आम लोग भी उपस्थित थे।

### मैं शीशमहल में नहीं रहूंगी : रेखा

शपथ से पहले रेखा ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं पीएम नरेंद्र मोदी और पार्टी हाईकमान का शुक्रिया अदा करती हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की सीएम बनूंगी। मैं शीशमहल में नहीं रहूंगी।' दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को भाजपा ने शीशमहल नाम दिया था। अरविंद केजरीवाल ने इसे बनवाया था। भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल ने इसे बनवाने में नियमों को ताक पर रखकर करोड़ों रुपये खर्च किए थे।

### महिला समृद्धि योजना पर चर्चा

कैबिनेट की बैठक में महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देने वाली महिला समृद्धि योजना पर भी चर्चा की गई है। सीएम ने कहा कि हम अपना वादा पूरा करेंगे। लाभार्थियों की पहचान की जा रही है। 8 मार्च तक उनके खाते में पैसे भेजने का प्रयास रहेगा। वहीं बैठक में आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत दिल्ली के प्रत्येक लाभार्थी को 10 लाख रुपये तक स्वास्थ्य कवर दिया जाएगा। इसमें केंद्र और दिल्ली सरकार 5-5 लाख का योजना देंगी। यह योजना जल्द शुरू हो जाएगी।



### पीएम मोदी ने रेखा को बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर कहा, 'रेखा गुप्ता जी को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह जमीनी स्तर से उठी हैं, कैंपस राजनीति से लेकर राज्य संगठन और नगरपालिका प्रशासन में सक्रिय रहने के बाद अब विधायक के साथ-साथ सीएम बनी हैं।' 'मुझे विश्वास है कि वह पूरी ताकत के साथ दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। उन्हें मेरी शुभकामनाएं।' प्रधानमंत्री ने मंत्री पद की शपथ लेने पर प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को भी बधाई दी।

**सीएम ने दिया आशीर्वाद**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरवार को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की बेटी के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और कहा कि दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा विधायक दल की नेत्री चुने जाने पर हरियाणा की बेटी रेखा गुप्ता को हार्दिक बधाई देता हूं। दिल्ली की प्रगति का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है।

---

**खबर संक्षेप**

### शमी सबसे कम मैच में 200 वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज



**दुबई।** स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान सबसे कम मैच में 200 वनडे विकेट झटकने वाले भारतीय गेंदबाज व ओवरऑल दूसरे गेंदबाज बन गए। इस तरह उन्होंने पांच विकेट लेकर आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार वापसी की। शमी ने अपने 104वें मैच में तीसरा विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की और पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 133 मैच में यह मुकाम हासिल किया था। एजेंसी

*चैंपियन ट्रॉफी में भारत की विजयी शुरुआत, बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया, शुभमन गिल ने शानदार 101 रन की पारी खेली।*

(संबंधित खबर खेल पेज पर)



### सूरजकुंड मेले में अब तक 13.91 लाख पर्यटक पहुंचे

**कार्निवाल परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** दुनिया के सबसे बड़े शिल्प मेले में पर्यटन विभाग के बेहतरीन प्रबंधन और तकनीक के इस्तेमाल के चलते पर्यटकों के आगमन का रिकार्ड टूट गया। विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि 38वें सूरजकुंड मेले में अब तक 13.91 लाख पर्यटक पहुंच चुके हैं। वहीं 37वें सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में 13 लाख पर्यटक पहुंचे थे। शुक्रवार, शनिवार और रविवार के चलते इस आंकड़े में बड़ी बढ़ोतरी होगी। जोकि अपने आप में नया रिकार्ड होगी। मेले के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को मजबूती प्रदान करते हुए बिम्सटेक भागीदार देशों के साथ-साथ 44 देशों की संस्कृति समृद्धता और कला से जुड़ने का पर्यटकों को अवसर मिल रहा है। हर शाम सांस्कृतिक संध्या में 44 देशों के 635 कलाकारों प्रस्तुती दे रहे हैं।

### महाकुंभ में गुरुवार को सवा करोड़ ने लगाई डुबकी

**अब तक 57 करोड़ से अधिक श्रद्धालु कर चुके स्नान**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में सभी रास्तों पर 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गुरुवार को सवा करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। 13 जनवरी से अब तक 58.03 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। संगम तट पर भीड़ न हो, इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान करके वहां से हटने की अपील कर रही है। मेला खत्म होने में 6 दिन बचे हैं। प्रशासन का अनुमान है कि शुक्रवार से भीड़ बढ़ेगी। क्योंकि, यह महाकुंभ का आखिरी वीकेंड है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ मेला खत्म हो जाएगा। भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। इस संबंध में 20 फरवरी को आदेश जारी किया गया है। प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद कर दी गई हैं।

(पेज 4 भी देखें)

### तटरक्षक बल के लिए 1,220 करोड़ में खरीदेंगे 149 अत्याधुनिक रेडियो

**तटरक्षबल ने बीईएल के साथ किया अहम करार**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने तटरक्षक बल के लिए 149 अत्याधुनिक रेडियो की खरीद के वास्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ 1220.12 करोड़ रुपये के अनुबंध पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि अत्याधुनिक रेडियो तटरक्षक बल को हाई-स्पीड डेटा के जरिये सूचनाओं को सुरक्षित एवं विश्वसनीय ढंग से साझा करने और किसी स्थिति को भांपने, समझने और उस पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाएंगे। उसने कहा कि ये रेडियो भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त अभियानों के संचालन के लिए बेहतर संचार एवं समन्वय स्थापित करने में भी मदद करेंगे।

### कांग्रेस नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक सोनिया गांधी को रुटीन चेकअप के लिए भर्ती किया गया है। उन्हें आज सुबह तक अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा सकता है।

### जींद: घूसखोर एक्सईएन को पांच साल की कैद

**रिटायरमेंट से 10 दिन पहले 60,000 की घूस लेते पकड़ा था, जिला अदालत ने 70,000 रुपये जुर्माना भी लगाया**

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** तीन साल पहले 60,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े सिंचाई विभाग के एक्सईएन बनारसी दास को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयवीर हुड्डा की अदालत ने 5 साल की कैद और 70,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषी सर्विस की रिटायरमेंट से 10 दिन पहले ही रिश्वत लेते पकड़ा गया था। अभियोग के अनुसार 21 अक्टूबर 2022 को नरवाना के ढाकल निवासी अमित कुमार ने करनाल एसीबी को दी शिकायत में बताया था कि उसने दुब्बल ड्रेन की सफाई का काम ठेके पर लिया है। इसके बिल को पास करवाने की एवज में नरवाना सिंचाई विभाई के एक्सईएन बनारसी दास ने 60,000 की रिश्वत मांगी थी। इस पर एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। अब अदालत ने सजा सुनाई है।

### प्रदेश में अब चौकीदारों को मिलेंगे 11,000 रु. प्रतिमाह

**सरकार ने 4,000 वेतन बढ़ाया**



**चौकीदारों को सरकार आई कार्ड भी जारी करेगी**

**सरकार ने खाली पदों को जल्द भरने का भरोसा दिया**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण चौकीदारों की भलाई के लिए प्रयासरत है। चौकीदारों का वेतन 4000 रुपये बढ़ाकर 7,000 से 11,000 रुपये कर दिया। जल्द ही चौकीदारों के आईकार्ड भी बनवाए जाएंगे, ताकि उन्हें कार्य करते हुए कोई असुविधा न हो। चौकीदारों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। डॉ. साकेत सिविल सचिवालय में ग्रामीण चौकीदार संघ, हरियाणा के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर चौकीदारों ने अपना मांग पत्र भी सौंपा। प्रदेश में 7301 चौकीदारों के पद हैं, जिनमें से 4927 चौकीदार काम कर रहे हैं और 2374 चौकीदारों के पद रिक्त हैं।

---

**28 फरवरी से लागू होंगे तीन नए कानून, घरों के बाहर लगाए जाएंगे सीसीटीवी**



*प्रदेश के गृह विभाग ने जारी की अधिसूचना*

## सूबे में गवाहों को परिवार समेत थ्री लेयर की सुरक्षा देगी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सरकार ने प्रदेश में गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए "हरियाणा साक्षी संरक्षण योजना, 2025" शुरू की है। इसके तहत गवाहों को थ्री लेयर सुरक्षा प्रदान की जाएगी। गृह विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। यह योजना उन अपराधों के साक्षियों पर लागू होगी, जो मृत्यु, आजीवन कारावास या 7 वर्ष या उससे अधिक के कारावास से और भारतीय न्याय संहिता(बीएनएस), 2023 की धारा 74, 75, 76, 77, 78 और 79 के साथ-साथ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 8, 10, 12, 14 और 15 के अधीन दंडनीय हैं। प्रदेश में 28 फरवरी से 3 नए कानून पूरी तरह लागू किए जानें हैं। गवाह का कोर्ट में सुनवाई के वक्त आरोपित से आमना-सामना नहीं होगा। खतरे के दौरान उसे कोर्ट तक जाने के लिए एस्कॉर्ट भी दी जाएगी। गवाहों की सुरक्षा को ईमेल, टेलीफोन कॉल की निगरानी, गवाह का टेलीफोन नंबर बदलने या कोई अनलिस्टेड नंबर देने के लिए टेलीफोन कंपनी के साथ व्यवस्था की जाएगी।घर/कार्यस्थल में सुरक्षा दरवाजे, सीसीटीवी, अलार्म, बाड़ लगाना आदि उपाय किए जाएंगे।

### हर जिले में साक्षी सेल

योजना के अनुसार हर जिले में साक्षी संरक्षण सेल बनाए जाएंगे। जिसका हेड डीसीपी या एसपी लेवल का अधिकारी होगा। धमकी मिलने की शिकायत को 5 दिन में निपटाना होगा। जिम्मेदारी सीधे डीजीपी की होगी।

### ये तीन श्रेणियां

**ए :** इसमें वे स्थितियां शामिल हैं, जहां जांच या परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उनके परिवार के सदस्यों को खतरा हो।

**बी :** इसमें वे मामले शामिल हैं, जहां जांच, परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उसके परिवार के सदस्यों या कोई अन्य व्यक्ति, जिसमें वह हितबद्ध हो, की सुरक्षा, प्रतिष्ठा या संपत्ति को खतरा हो।

**सी :** इसमें में वे मामले आएंगे, जहां धमकी मध्यम है और जांच या परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उसके पारिवारिक सदस्यों या कोई अन्य व्यक्ति, जिसमें वह हितबद्ध हो, के शोषण या उत्पीड़न, प्रतिष्ठा या संपत्ति प्रभावित हो।

**तल्खी** शीर्ष कोर्ट ने कहा, यह बेहद परेशान करने वाला



*केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा*

## हाईकोर्ट न्यायाधीशों के खिलाफ लोकपाल जांच पर 'सुप्रीम' रोक

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका की बेंच ने गुरुवार को मामले पर खुद सुनवाई की और कहा कि यह बहुत परेशान करने वाली बात है। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार, लोकपाल रजिस्ट्रार, शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया और निर्देश दिया कि 18 मार्च को अगली सुनवाई होगी। तब तक जजों के नाम और शिकायत का खुलासा नहीं करना है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हाईकोर्ट के न्यायाधीश लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के दायरे में कभी नहीं आते। पीठ ने शिकायतकर्ता को न्यायाधीश का नाम उजागर करने से भी रोक दिया है। उसने शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत गोपनीय रखने का भी निर्देश दिया।

### स्वतः संज्ञान लिया

लोकपाल द्वारा 27 जनवरी को पारित आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू की है। न्यायालय ने कहा, 'भारत संघ, लोकपाल के रजिस्ट्रार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करें। रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया जाता है कि वह शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखे और उसे उस उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) के माध्यम से नोटिस भेजे, जहां शिकायतकर्ता रहता है।' पीठ ने कहा, 'इस बीच, विवादित आदेश पर रोक रहेगी।'

### यह खतरे से भरा

विशेष पीठ ने जैसी ही सुनवाई शुरू की, न्यायमूर्ति गवई ने मेहता से कहा, 'हम भारत संघ को नोटिस जारी करने का प्रस्ताव रखते हैं।' मामले में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह इस मामले से निपटने में पीठ की सहायता करना चाहेंगे। न्यायमूर्ति गवई ने टिप्पणी की, 'यह अत्यधिक परेशान करने वाला (आदेश) है।' सिब्बल ने लोकपाल के आदेश पर रोक लगाए जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह खतरे से भरा है। 'मुझे लगता है कि एक कानून बनाया जाना चाहिए।' कंपनी के पक्ष में फैसले के लिए जजों से सिफारिश की थी।

## खबर संक्षेप

### पीके दास ने रिकॉर्ड 214 मामले निपटाए, कई प्रोजेक्टस को हरिझंडी

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्टेट एनवायरमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी की कमान संभाल रहे (आईएएस) पीके दास ने लगभग दस माह के कार्यकाल के दौरान 214 मामलों का निपटारा कर रिकॉर्ड कायम किया है। इस दौरान ईसी ( एनवायरनमेंट क्लीयरेंस) समय से मिल जाने के कारण प्रदेशभर में अहम प्रोजेक्ट लाने वाली कंपनियों की ओर से श्री दास का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान दी गई ईसी प्रोजेक्ट्स की लागत 2 लाख 62 हजार 670 करोड़ है। इल दौरान निजी कंपनियों ने 163 करोड़ की राशि सरकारी स्कूलों की हालत में सुधार के लिए देने पर सहमति दी।



### राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक 24 को

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत 24 फरवरी सोमवार को 12 बजे निर्वाचन सदन पंचकुला में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना, चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने आदि के बारे में चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक में दिए निर्देश

# प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए और सक्रिय हो जाएं अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति देने के लिए, आवश्यकता अनुसार मौजूदा नीतियों को संशोधित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल अधिक निवेश आकर्षित होगा बल्कि रोजगार के और अधिक अवसर भी पैदा होंगे ।

मुख्यमंत्री बुधवार देर शाम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पहले ही आईएमटी खरखौदा की सफलता के आधार पर 10 अत्याधुनिक औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की योजना बनाई है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। इस संबंध में उन्होंने हरियाणा में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों और एमएसएमई दोनों के लिए प्रोत्साहन देने का भी सुझाव दिया ताकि राज्य को निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनाया जा सके। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस विजयेंद्र कुमार, उद्योग विभाग प्रधान सचिव डी. सुरेश, नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव श्यामल मिश्रा, श्रम विभाग प्रधान सचिव राजीव रंजन, मुख्यमंत्री ओएसडी राज नेहरू मौजूद रहे।

### रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने पर जोर दे रही सरकार



#### भारतीय प्रवासी हरियाणा में उद्यम स्थापित करना चाह रहे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण को बढ़ावा देने और देश भर में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से सटा होने और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ, हरियाणा वैश्विक उद्यमों को आकर्षित करने वाले आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए बेहतर स्थिति में है। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रवासी भी हरियाणा में उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हैं, जिससे आर्थिक विकास के लिए और अवसर उपलब्ध होंगे । उन्होंने सुझाया कि उद्योग विभाग और हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम ऐसे सभी उद्यमियों से संपर्क करते हुए हरियाणा राज्य में उनके निवेश को सुविधाजनक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यान्वयन और परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ये कार्य टारगेट बेस्ड होना चाहिए।

#### रक्षा निवेश पर ध्यान दें

एक अलग बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में एयरोस्पेस और रक्षा निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया। हरियाणा राज्य को राष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से एयरोस्पेस और रक्षा निवेश नीति को स्वीकृति दी गई है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में 1 बिलियन अमरीकी डालर के निवेश को आकर्षित करना है।

## कांग्रेस ने सात नेताओं को पार्टी से बाहर निकाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह ने निकाय चुनावों के दौरान अनुशासनहीनता और पार्टी के विरुद्ध उतरने वाले प्रत्याशियों पर शिकंजा कसते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस क्रम में भाजपा में शामिल हो चुके त्रिलोचन सिंह पर गाज गिरी है, वे जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधान रह चुके हैं। इसी तरह से अशोक खुराना करनाल पर भी गाज गिरी है। यमुना नगर के रहने वाले प्रदीप चौधरी को भी निष्कासित किया गया है। यमुना नगर से मधु चौधरी पूर्व प्रधान जिला यूथ कमेटी यमुनानगर और हिसार से रामनिवास रारा विधानसभा 2024 में उम्मीदवार रहे हैं। हरविंद्र लवली गुरुग्राम प्रदेश के महासचिव गुरुग्राम, रामकिशन सैन पीसीसी डेलीगेट को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इनमें अधिकांश ने निकाय चुनावों में पार्टी के विरुद्ध झंडा बुलंद किया और कई ने भाजपा का कमल भी थाम लिया।

## खिलाड़ियों को हाजिरी पूरी होने पर ही खुराक भत्ता मिलेगा

**चंडीगढ़।** खेल मंत्री गौरव गौतम ने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री ने कहा कि हरियाणा खेलों का पावर हाउस बन चुका है। अब खेल नर्सरियों और ज्यादा प्रभावी व सशक्त बनाया जाएगा। इसी कड़ी में खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों की बायोमेट्रिक से हाजिरी होगी और हाजिरी पूरी होने पर ही खुराक भत्ता मिलेगा। इससे पारदर्शिता रहेगी और ग्रांट का भी खिलाड़ियों तक लाभ पहुंचेगा। फिलहाल पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम की नर्सरी के खिलाड़ियों की बायोमेट्रिक हाजिरी शुरू करवाई जाएगी।इसमें सफलता मिलने पर प्रदेश के अन्य स्टेडियमों व खेल नर्सरी वाले स्कूलों में बायोमेट्रिक से खिलाड़ियों की हाजिरी शुरू की जाएगी।

### हरियाणा विधानसभा में 2 व 3 अप्रैल को 'युवा संसद'

**चंडीगढ़।** युवाओं को राजनीति के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हरियाणा विधान सभा में आगामी 2 और 3 अप्रैल को यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान युवाओं को संसदीय प्रणाली और संविधान मूल्यों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस आयोजन में करीब 10 राज्यों के 35 से 40 युवा छात्र-छात्राएं भाग लेंगी।

SBI भारतीय स्टेट बैंक

फर्मों/कंपनियों की पूर्व-योग्यता

चंडीगढ़ मंडल में विभिन्न केंद्रों पर सीएसीसेल/सीएसी (क्लस्टर मॉडल) के लिए कैश वैन किराए पर लेने के लिए फर्मों/कंपनियों की पूर्व-योग्यता हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विस्तृत विवरण, आवेदन/नियम एवं शर्तें/तकनीकी विशिष्टताएँ हमारी वेबसाइट **www.sbi.co.in** नीचे (प्रापण समाचार) लिंक से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **17.03.2025** है।

**मुख्य प्रबंधक (प्रापण)**
मंडल प्रापण विभाग, प्रगति भवन, अर्बन एस्टेट, फेज-3,
पंजाबी यूनिवर्सिटी के सामने, पटियाला (पंजाब)-147002
मोबाइल - 8901589678, 9872424234

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की, पुत्र ईश्वर सिंह निवासी गांव खांडा तहसील अलेवा जिला जिंद ( हरियाणा )** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 138/21 धारा 12/9/55 गैंबलिंग एक्ट, थाना रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 138/21 धारा 12/9/55 गैंबलिंग एक्ट, थाना रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.03.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आवेशानुसार
वसुन्धरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नं.101,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली
दि.पु./2021/बाहरी जिला/2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, करनाल।

डी.डी. नम्बर 14 दिनांक 18.02.2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस.
थाना सिविल लाईन, जिला करनाल

इश्तिहार नाश

हुलियाः- जिसका रंग भूरा, गोल चेहरा, हस्ट पुस्ट शरीर, कद 05 फुट 01 इंच व उम्र करीब 35 से 40 वर्ष, जिसने शरीर के उपरी हिस्से में लाल रंग की कोटी / जर्सी पहनी हुई है।

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि दिनांक 18 फरवरी, 2025 को थाना सिविल लाईन एरिया में कल्पना चावला ओ. पी.डी. बिल्डिंग के सामने एक महिला का शव लावारीस हालात में मिला है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी अज्ञात शव की अभी तक पहचान नही हुई है। करनाल पुलिस का आमजन से निवेदन है कि अगर किसी व्यक्ति को इस अनजान महिला के शव की पहचान के बारे में कोई सुराग पता चलता है तो कृप्या नीचे दिये गए फोन नम्बरों पर सूचित करें।



**एसएचओ थाना सिविल लाईन - 9729990712**
**अनुसंधान अधिकारी - 9466238268**
**कन्ट्रोल रूम करनाल- 100, 2208222, 23**

प्रवक्ता करनाल पुलिस,
कृते पुलिस अधीक्षक,
करनाल ।

पीआरडीएच-1084/11/3131/2025/32442/88/6 दि. 20.02.2025

# गुहला के तहसीलदार पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने का केस दर्ज

## चुनाव डयूटी के दौरान मोबाइल स्विच ऑफ कर हुए रफूचक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुहला तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर कार्रवाई आगे बढ़ना शुरू हो गई है। एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने गत दिनों काबू किए गए रजिस्ट्री क्लर्क प्रदीप के साथ तहसीलदार मनजीत मलिक को आरोपी बनाया है। दोनों पर रजिस्ट्री दर्ज करवाने की एवज में रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपी तहसीलदार का मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। बताया जा रहा है कि एंटी करप्शन ब्यूरो टीम उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### 10 रुपये का टिकट मतलब 10 हजार की मांग

तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों से रिश्वत वसूलने के लिए एक गुप्त कोड तैयार किया गया था। इसके तहत यदि किसी व्यक्ति से रिश्वत ली जाती थी, तो उसकी रजिस्ट्री पर 10 रुपए का टिकट लगाने बारे कहा जाता था। जिसका मतलब काम करवाने के 10 हजार रुपए रिश्वत देनी पड़ती थी, जो लोग रिश्वत देने से इनकार कर देते थे, उनकी रजिस्ट्री अटकाई जाती थी। बता दें कि आरोपी तहसीलदार मनजीत मलिक सीवन नगर पालिका चुनाव में सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) और नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किए गए थे। जो अब अपनी ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे हैं, एसडीएम के अनुसार तहसीदार ऑफिशियल छुट्टी पर नहीं हैं।

#### रजिस्ट्री करवाने के एवज में मांगें रुपये

एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला ने गुहला तहसीलदार कार्यालय में तैनात रजिस्ट्री क्लर्क प्रदीप कुमार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत क्लर्क द्वारा रजिस्ट्री कराने के एवज में मांगी गई थी। जिसमें तहसीलदार मनजीत मलिक पर भी रिश्वत मांगने के आरोप लगाए गए थे। इस कार्रवाई का नेतृत्व एंटी करप्शन ब्यूरो के डीएसपी मुकेश जाखड़ ने किया। जिसमें ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में क्लर्क को रिश्वत लेते ही धर दबोचा गया था।

#### लाल बत्ती का शौक पड़ा था महंगा

आरोपी तहसीलदार मनजीत मलिक को पिछले साल अप्रैल महीने में गुहला में ट्रांसफर हुई थी। तहसीलदार जिस गाड़ी में ऑफिस पहुंचे थे, उस पर लाल बत्ती लगी थी। शहर के कुछ लोगों ने इसकी शिकायत तुरंत कैथल के यातायात प्रभारी रमेश चंद को की और ट्रैफिक पुलिस की टीम गुहला में तहसीलदार के सरकारी निवास पर पहुंची। वहां पर लाल बत्ती लगी हुई गाड़ी खड़ी थी। जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा उक्त गाड़ी का 1500 का चालान किया गया था। हालांकि चालान होने के बाद तहसीलदार ने गाड़ी से तुरंत लाल बत्ती हटा ली। जिस गाड़ी का चालान किया था वह तहसीलदार के पिता के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

#### ऑफिशियल छुट्टी नहीं

गुहला के तहसीलदार ऑफिशियल छुट्टी पर नहीं हैं। रेड वाले दिन में कितने समय तक पर ड्यूटी पर रहे, इस बारे में वह ऑफिस में जाकर ही बता सकते हैं। *-कैप्टन परमेश सिंह, एसडीएम, गुहला*

स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारी

# 24 फरवरी को संकल्प पत्र जारी करेगी भाजपा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र लगभग तैयार कर लिया है और यह संकल्प पत्र भाजपा 24 फरवरी को जारी कर देगी। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के अनुसार संकल्प पत्र को मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक के भाजपा कार्यालय मंगल कमल से जारी करेंगे। गुरुवार को गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय गुरुकमल में प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, विजयपाल एडवोकेट की उपस्थिति में संकल्प पत्र को लेकर घंटों मंथन किया।

#### प्रदेश आगे बढ़ रहा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा विकास और जनता की सेवा करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। नायब सरकार जनता के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर तेजी से बिना रूकावट के विकास होगा। हर गरीब व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। श्री बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव में जनता भाजपा प्रत्याशियों को जीताने का मन बना चुकी है।

भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन कुमार (कर्जदार), पूजा (सह-कर्जदार), NHHIS00001250060. | प्लॉट नं. 48, कमेटी प्लॉट नं. 921, एमसी स्थायी सम्पत्ति आईडी नं. 155, गांधी नगर ईस्ट पार्ट हिसार-125001. सीमाएं :- उत्तर : गली, दक्षिण : रामलाल का मकान, पूर्व : सदानंद मुंशी का मकान, पश्चिम : प्लॉट नं. 48 का भाग। / कब्जे की तिथि : 17-फरवरी-2025. | 27-07-2021 रु. 13,08,798/- | हिसार-बी |
| 2. | पवन कुमार (कर्जदार), पूजा (सह-कर्जदार), LHHIS00001328076. | प्लॉट नं. 48, कमेटी प्लॉट नं. 921, स्थायी सम्पत्ति आईडी नं. 155, गांधी नगर हिसार-125001. सीमाएं :- उत्तर : गली, दक्षिण : रामलाल का मकान, पूर्व : सदानंद मुंशी का मकान, पश्चिम : प्लॉट नं. 48 का भाग। / कब्जे की तिथि : 17-फरवरी-2025. | 17-11-2021 रु. 13,26,286/- | हिसार-बी |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 21 फरवरी 2025, स्थान : हिसार — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

देर रात जारी किए गए आदेश, फिर दी गई जिम्मेदारी

# आखिरकार हरियाणा को मिले रस्तोगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶|. चंडीगढ़

आखिरकार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुराग रस्तोगी को एक बार फिर से बतौर मुख्य सचिव जिम्मेदारी दी गई है। बीती देर रात में इस तरह के आदेश जारी किए गए। बृहस्पतिवार की सुबह रस्तोगी ने बतौर मुख्य सचिव बागडोर संभाल ली और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। हरियाणा सचिवालय के सातवें तल पर बैठने वाले रस्तौगी अब चौथे फ्लोर में बैठेंगे। देर रात्रि में आदेश जारी होने के बाद से जहां हरियाणा के प्रशासनिक अफसरों ने भनक लगते ही बधाई दी। वहीं सुबह 7 वें तल पर सुबह सुबह पहुंचकर जरूरी फाइलें निपटाई व बतौर मुख्य सचिव चौथे तल पर जिम्मेदारी संभाल ली।

बीती देर रात तक आर्डर का इंतजार किया जा रहा था लेकिन 11 बजे के बाद में बृहस्पतिवार को जारी होने की प्रबल संभावना बन गई थी। अनुराग रस्तोगी के पास बतौर (एफसी) फाइनेंशियल कमिश्नर रेवेन्यू का कार्यभार रहेगा।

यहां पर बता दें कि रस्तौगी से पहले डॉ. विवेक जोशी कमान संभाल रहे थे। वे तीन माह पहले ही केंद्र से आए थे। अब एक बार फिर से वीआरएस लेकर चुनाव आयुक्त बन जाने के साथ ही हरियाणा सरकार ने अनुराग रस्तोगी को मुख्य सचिव बनाने के आदेश जारी कर दिए। अनुराग रस्तोगी 1990 बैच से आईएएस अफसर हैं। प्रदेश में मुख्य सचिव बनने की दौड़ में बीती रात भी वरिष्ठता क्रम में आने वाले सुधीर राजपाल और श्रीमती सुमिता मिश्रा का नाम चल रहा था। लेकिन सरकार ने रस्तोगी के नाम पर मुहर लगाई। वैसे, रस्तोगी 30 जून 2025 तक इस पद पर बने रहेंगे, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति होनी है। अहम बात यह है कि सरकार में (एफसी) फाइनेंशियल कमिश्नर रेवेन्यू को मुख्य सचिव बनाने की परंपरा चल रही है। उन्हें वित्त विभाग का अतिरिक्त चार्ज भी दिया है।

### अच्छे अफसरों में गिनती, काम के माहिर



इससे पहले भी डॉक्टर विवेक जोशी के आने में कुछ देरी होने के कारण चार दिनों के लिए बतौर मुख्य सचिव उन्हें जिम्मेदारी दी गई। उस वक्त रस्तोगी को कार्यवाहक मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। बेदाग छवि और समयबद्ध तरीके से काम करने वाले रस्तोगी की अच्छे ईमानदार और साफ सुथरी, अविवादित अफसरों में गिनती है। बता दें कि 1990 बैच से आईएएस अनुराग रस्तोगी मूल रूप से उत्तर प्रदेश मुरादाबाद के रहने वाले हैं। ट्रेनिंग के बाद 17 अगस्त 1992 को नारनौल में बतौर एसडीएम तैनाती हुई थी और बाद में वे एडीसी बने। पानीपत, हिसार जैसे जिलों में जिला उपायुक्त भी रह चुके हैं। वह कई महत्वपूर्ण विभागों में निदेशक और प्रमुख सचिव भी रह चुके हैं। वे 2021 में एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव पदोन्नत हुए थे। अहम बात यह है कि अनुराग रस्तोगी का कार्यकाल 30 जून 2025 को समाप्त होने जा रहा है, अर्थात रिटायरमेंट है। इसी तरह से आनंद मोहन शरण का कार्यकाल 31 अगस्त 2025 को होगा। दोनों सेवानिवृति का समय नजदीक होने की स्थिति में आईएएस सुधीर राजपाल और डॉ. सुमिता मिश्रा, राजा शेखर वुंडरू दौड़ में थे। लेकिन रस्तौगी के पास कम वक्त होने के कारण सरकार की ओर से उन्हें मौका दिया गया है।

### वरिष्ठता क्रम को लेकर पहले हो चुका विवाद

प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अफसरों में वरिष्ठता क्रम को लेकर खींचतान व विवाद भी हो चुका है। पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल के वक्त में वरिष्ठता क्रम को लेकर मामला तूल पकड़ गया था। विवाद हरियाणा आईएएस ऑफिसर्स के बीच वरिष्ठता को लेकर खासा विवाद हुआ था। 1988 बैच आईएएस टीवीएसएन प्रसाद (सेवानिवृत्त) के बाद दूसरे नंबर को लेकर खींचतान हुई थी। 1990 बैच के आईएएस अफसरों में वरिष्ठता क्रम तय किया जाना ता। जिसमें कुल 6 अधिकारी शामिल हैं। जिसमें से तीन ने तत्कालीन मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को एक ज्ञापन देकर बात रखी थी। इनका कहना था कि वरिष्ठता क्रम को तय कर ही कोई फैसला लें। अगर वरिष्ठता क्रम को देखें, तो सुधीर राजपाल सबसे वरिष्ठ आईएएस हैं। दूसरी तरफ उनके बाद डॉ. सुमिता मिश्रा का नाम आता है। इस बैच के तीन अधिकारी अंकुर गुप्ता (सेवानिवृत्त), अनुराग रस्तोगी और डॉ. राजा शेखर वुंडरू की ओर से नोटिस दिया गया था।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**जोनल ऑफिस : दिल्ली साउथ** 17, संसद मार्ग, द्वितीय तल, इलाहाबाद बैंक बिल्डिंग, नई दिल्ली-110001
**कार्पोरेट ऑफिस :** 254-260, अव्वाई षणमुगम सलाई, रोयापेत्ताह, चेन्नई-600014

**परिशिष्ट-IV-ए" [ नियम 8 ( 6 ) के प्रावधान देखें ] अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित ( प्रवर्त्तन ) नियमों, 2002 के नियम 8 ( 6 ) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आमजन को सामान्यतः और कर्जदार(ों) और गारंटर(ों) को विशेषतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर के पास गिरवीकृत / चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा इंडियन बैंक, शांतिनिकेतन शाखा के प्राधिकृत अधिकारी, सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा ले लिया गया है, और **भौतिक कब्जा डीएम आदेश दिनांक** 27.09.2024 **के अनुरूप** 25.02.2025 **के लिए निर्धारित है,** इंडियन बैंक, शांतिनिकेतन शाखा, सिक्योर्ड क्रेडिटर को निम्नलिखित से देय रु. 17.19 करोड़ (07.10.2024 के अनुसार + सभी अकाउंट्स में बैंक को देय राशि की उगाही तक ब्याज और अन्य व्यय) की वसूली हेतु 12.03.2025 को "जैसा है जहां है", "जो है जैसा है", और "जो भी वहां है" पर बेचा जाएगा।

**कर्जदार : मै. सर्ज इंडस्ट्रीज ( पार्टनर्स : श्री दीप नारायण गोयल और श्रीमती मीना गोयल ),**
**पता 1 :- प्लॉट नंबर 13, फेज-III, सेक्टर-18, एचएसआईआईडीसी औद्योगिक सम्पदा बरही, जिला सोनीपत, हरियाणा, पिन कोड-131101**
**पता 2 :- गांव ओगली, तहसील नाहन, काला अंब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, पिन कोड-173030**
**गारंटर :- श्री दीप नारायण गोयल और श्रीमती मीना गोयल**
पता :- बी-27, यूजीएफ, टैगोर रोड, आदर्श नगर, दिल्ली, 110033
**गिरवीकर्ता : मै. सर्ज इंडस्ट्रीज ( पार्टनर्स : श्री दीप नारायण गोयल और श्रीमती मीना गोयल ),**
**पता 1 :- प्लॉट नंबर 13, फेज-III, सेक्टर-18, एचएसआईआईडीसी औद्योगिक सम्पदा बरही, जिला सोनीपत, हरियाणा, पिन कोड-131101**
**पता 2 :- गांव ओगली, तहसील नाहन, काला अंब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, पिन कोड-173030**
**ई-नीलामी मोड के माध्यम से बिक्री के लिए लाई जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है :**

| | |
|---|---|
| **संपत्ति का विस्तृत वर्णन** | मै. सर्ज इंडस्ट्रीज के नाम पर प्लॉट नंबर 13, फेज III, सेक्टर-18, एचएसआईआईडीसी औद्योगिक सम्पदा, बरही जिला-सोनीपत हरियाणा में औद्योगिक संपत्ति, जिसका क्षेत्रफल 4050 वर्ग मीटर है। अक्षांश : 29.110785 देशांतर : 77.031748 |
| **सम्पत्ति पर ऋणभार** | बैंक के संज्ञान में नहीं। |
| **आरक्षित मूल्य** | रु. 14.00 करोड़ |
| **ईएमडी राशि** | रु. 1.40 करोड़ |
| **बोली बढ़ौतरी राशि** | रु. 0.10 करोड़ |
| **ई-नीलामी की तिथि व समय** | 12.03.2025 ; पूर्वा. 11 बजे से अप. 5 बजे तक। |
| **सम्पत्ति आईडी नं.** | IDIB30604792156A |
| **सम्पर्क व्यक्ति** | श्री राजेश प्रसाद, फोन : +91-9958899028 |

बैंक वेबसाइट www.indianbank.in | ई-नीलामी वेबसाइट | दस्तावेज [बिक्री सूचना इमेज] | सम्पत्ति अवस्थिति | सम्पत्ति का वीडियो | सम्पत्ति की फोटो

बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता पीएसबी अलायंस प्रा. लि. की वेबसाइट (https://www.baanknet.com) पर पधारने का परामर्श दिया जाता है। तकनीकी सहायता हेतु कृपया कॉल करें 8291220220. पंजीकरण स्थिति हेतु और ईएमडी स्थिति हेतु ई-मेल करें : support.baanknet@psballiance.com.

सम्पत्ति विवरण और सम्पत्ति के फोटोग्राफ तथा नीलामी नियम एवं शर्तों के लिए कृपया पधारें : https://www.baanknet.com और इस पोर्टल से सम्बन्धित स्पष्टीकरणों हेतु कृपया सम्पर्क करें : पीएसबी अलायंस प्रा. लि., सम्पर्क नं. 8291220220.

बोलीदाताओं को https://www.baanknet.com के पास वेबसाइट में सम्पत्ति के लिए सर्च करते समय उपरोक्त प्रोपर्टी आईडी नम्बर का उपयोग करने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 21.02.2025, स्थान : हरियाणा — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

## खबर संक्षेप

### खेत में सिंचाई करते समय किशोर को करंट लगा

**रेवाड़ी।** जिले के गांव बवाना गुर्जर में करंट लगने से किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने वीरवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार गांव बवाना गुर्जर निवासी 13 वर्षीय हेमंत कुमार आठवीं कक्षा का छात्र था तथा बुधवार को स्कूल से आने के बाद घर पर ही था। इसके बाद वह दोस्त के साथ फसल में पानी देने के लिए खेत में चला गया। परिजनों ने बताया कि हेमंत खेत में फव्वारा बदल रहा था, जैसे ही वह पाइप उठाकर दूसरी जगह ले जाने लगा, उपर से जा रही बिजली की तारों से पाइप टच हो गया और उसे करंट की लग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत रेवाड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गाय को बचाने के चक्कर में कार पेड़ से टकराई

**कैथल।** ग्योंग गांव के पास वीरवार सुबह के समय एक गाय को बचाने में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार पलट गई और कार सवार चालक को चोटें आई। जानकारी अनुसार कैथल शहर निवासी कार चालक पवन सैनी सुबह करीब 10 बजे अपनी किआ कार से कुरुक्षेत्र जा रहा था। जैसे ही वह ग्योंग के पास पहुंचा तो सामने सड़क पर एक गाय आ गई।

### डीएलएड रि-अपीयर के प्रवेश-पत्र लाइव

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली डीएलएड रि-अपीयर/मर्सी चांस परीक्षा मार्च-2025 के प्रवेश-पत्र गुरुवार से लाइव कर दिए गए हैं। सभी संस्थान/कॉलेज के प्राचार्य/मुखिया संस्था की लॉग-इन आईडी से तिथि-पत्र अनुसार पात्र छात्र-अध्यापकों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। डीएलएड प्रवेश वर्ष 2020-2022, 2021-2023 के छात्र-अध्यापकों की मर्सी चांस एवं प्रवेश-वर्ष 2022-2024 प्रथम व द्वितीय वर्ष रि-अपीयर व प्रवेश-वर्ष 2023-2025 प्रथम वर्ष रि-अपीयर) पात्र छात्र-अध्यापकों की परीक्षाएं तीन मार्च से आरम्भ हो रही हैं। परीक्षा में करीब 5070 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट होंगे।

### घर में आग लगने से बुजुर्ग महिला जिंदा जली

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 थाना क्षेत्र में सरस्वती विहार स्थित एक मकान में बुधवार की रात आग लगने से एक बुजुर्ग महिला की जलने से दर्दनाक मौत हो गई। आग हीटर में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी। जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार के स्वामी विवेकानंद ब्लॉक स्थित मकान नंबर 940 में 80 वर्षीया अंजली बख्शी अपने बेटे के साथ रहती थी। अंजली मकान के प्रथम तल पर, जबकि उसका बेटा व परिवार के अन्य सदस्य भूतल पर रहते है। बीते बुधवार की शाम अंजली सोने के लिए प्रथम तल पर चली गई थी। रात लगभग 11.30 बजे परिवार परिवार को आग लगने का पता चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दिल्ली में रेखा गुप्ता की ताजपोशी पर मायके और ननिहाल में जश्न

■ दिल्ली की मुख्यमंत्री का पैतृक गांव जुलाना के नंदगढ़ में, महिलाओं ने गाए लोकगीत ■ फतेहाबाद में उनके मामा विनोद गोयल के घर और प्रतिष्ठान पर मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव की बेटी के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर गांव नंदगढ़ में महिलाओं ने नाच गाकर और लोकगीत गाकर अपनी खुशी मनाई। जब गांव की बेटी दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रही थी तो गांव की महिलाएं लोकगीत गाकर अपनी खुशी का इजहार कर रही थी। रेखा गुप्ता का पुश्तैनी गांव नंदगढ़ जींद जिले के जुलाना विधानसभा क्षेत्र में है यहां उनके दादा मनीराम और परिवार के लोग रहते थे। गांव के नंबरदार बलवान बताते हैं कि करीब 50 साल पहले तक रेखा के दादा मनीराम जिंदल और परदादा गंगाराम गांव में ही रहते थे। गांव में उन्होंने एक दुकान की हुई थी। इसके बाद उन्होंने जुलाना में आदत की दुकान कर ली और परिवार सहित वहीं शिफ्ट भी हो गए। गांव नंदगढ़ के नवीन फौजी ने बताया कि उनकी छोटी इंटर से बनी हवेली को गांव के ही चांदराम ने खरीद लिया था इसके बाद उन्होंने वहां अपना मकान बना लिया। रेखा गुप्ता गांव नंदगढ़ के जिंदल परिवार से आती हैं। गांव में जिंदल परिवार के लोगों ने शिव मंदिर बनाया हुआ है और हर वर्ष परिवार के सभी लोग पूजा अर्चना के लिए यहां आते हैं। रेखा के पिता जय भगवान के चाचा राजेंद्र तो हर महीने गांव का चक्कर लगाते हैं और गांव में लोगों के अनुसार रेखा के परिवार का व्यवहार काफी अच्छा रहा है।



**जींद।** नदगढ़ में लोकगीतों पर जश्न मनाती गांव की महिलाएं।

### गुप्ता परिवार की जुलाना में आढ़त की दुकान

सत्यवान खटकड़ बताते हैं कि रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनको पुश्तैनी मकान गांव में है लेकिन अब उसमें कोई दूसरा परिवार रहता है। उनके परिवार की जुलाना में आढ़त की दुकान आज भी चल रही है। रेखा गुप्ता का परिवार सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा आगे रहता है। गांव के पूर्व सरपंच हरिओम ने कहा कि मेरे गांव की बेटी रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी है इसके लिए पूरा गांव भाजपा और आरएसएस को बधाई देता है जिसने उनकी बेटी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि गांव के लिए यह गर्व की बात है कि भाजपा की 21 राज्यों में सरकार है लेकिन महिला केवल एक है और वह भी उनके अपने गांव की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पदभार संभालने के बाद फतेहाबाद में उनके मामा के घर जश्न शुरू हो गया। फतेहाबाद के मॉडल टाउन में रहने वाले उनके मामा विनोद गोयल के घर और प्रतिष्ठान पर गुरुवार को खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, वैसे ही मिठाइयां बांटी गईं और ढोल-नगाड़ों की धुन पर जश्न मनाया गया। विनोद गोयल, जो हिसार रोड पर गोयल मशीनरी स्टोर के मालिक हैं, ने बताया कि रेखा गुप्ता उनकी बहन उर्मिला जिंदल और जीजा जयभगवान जिंदल की बेटी हैं। जयभगवान जिंदल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर रह चुके हैं। शहर में दिनभर जश्न का माहौल रहा।




**फतेहाबाद।** रेखा गुप्ता के दिल्ली सीएम बनने पर खुशियां मनाते उनके रिश्तेदार।

### चार माह पहले ममेरी बहन की शादी में फतेहाबाद आई थीं दिल्ली की नई सीएम

परिजनों के मुताबिक, रेखा गुप्ता करीब चार महीने पहले अपनी ममेरी बहन अलीषा गोयल की शादी में फतेहाबाद आई थीं और इससे पहले भी वह अपने मामा के घर आती रही हैं। दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरान भी परिवार के लोग उनके समर्थन में दिल्ली गए थे। मुख्यमंत्री बनने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी जश्न में भाग लिया और ढोल की थाप पर नाचते हुए अपनी खुशी जाहिर की। इसके अलावा रेखा गुप्ता के दिल्ली का सीएम बनने से शहर के अग्रवाल समाज में भी खुशी का माहौल है।

# बासमती की मांग हुई कम, 25% टूटा रेट

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

■ उत्पादन बढ़ने व विदेशों में कम डिमांड के चलते बीते वर्ष से दाम में 25 फीसदी की गिरावट, निर्यातकों में भी निराशा

मध्यप्रदेश में धान का उत्पादन बढ़ने व दुनियाभर के देशों में बासमती चावल की मांग में कमी की वजह से इस बार बासमती किस्म के धान का रेट बीते वर्ष से 25 फीसदी तक कम है। जब दीपावली पर मण्डियों में धान की नई फसल आनी शुरू हुई थी, जब रेट कुछ ठीक थे। उसके बाद बासमती के दामों में गिरावट आई है। बीते वर्ष 1121 किस्म के धान के दाम 4800 रुपये प्रति क्विंटल थे जो अब 3800 से 4 हजार के बीच है। यही हाल 1509 व मुच्छल किस्म के धान का भी है। इनके दाम भी बीते वर्ष 1 हजार रुपये तक कम है। हालांकि किसान 70 प्रतिशत धान की फसल बेच चुके हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चावल की मांग में कमी और सप्लाई में वृद्धि की वजह से दाम गिरे हैं। इस बार चावल का उत्पादन भी बढ़ा है जिससे रेट में गिरावट देखी जा रही है। यहां के चावल के बड़े एक्सपोर्टर अजय जिंदल का कहना है कि इस साल चावल की अच्छी पैदावार होने से इसके दाम तेजी से नीचे आए हैं। भारत का कम दाम वाला चावल वियतनाम और सिंगापुर भेजा जाता है जबकि अधिक रेट वाला चावल यूरोप और मिडल ईस्ट के देशों को सप्लाई किया जाता है। श्रीलंका को निर्यात किए जाने वाले चावल का ऑर्डर अब खत्म हो चुका है। वहां की सरकार ने घरेलू मार्केट में चावल के दाम की लिमिट तय कर दी है। जिससे आयात में गिरावट देखी जा रही है। श्रीलंका में भारत के चावल की गिरती मांग से भी दाम में कमी आई है। इस तरह की डिमांड और भी कई देशों से कम हो रही है जिसका असर चावल के गिरते भाव के रूप में देखा जा रहा है।



**फतेहाबाद।** चावल एक्सपोर्टर जिंदल इंडस्ट्रीज।

### बासमती का भाव

| किस्म | 2024 | 2025 |
|---|---|---|
| 1121 | 4800 | 3700-3900 |
| 1885 | 4200 | 3300 |
| 1718 | 4000 | 3200 |
| 1509 | 3700 | 3000 |
| 1847 | 3000 | 2500 |

**70% किसान बेच चुकी अपनी उपज**

### मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में बंपर उत्पादन



फतेहाबाद के प्रमुख एक्सपोर्ट कम्पनी जिंदल इंडस्ट्रीज के एमडी अजय जिंदल का मानना है कि इस बार मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में चावल का बम्पर उत्पादन हुआ है। मिलरों के पास पिछला स्टाक भी पड़ा था। इसके अलावा विदेशों में भी इस बार चावल की डिमांड कम है। यही वजह है कि भारतीय बाजार में बासमती किस्म के धान के दाम पिछले साल से 25 फीसदी तक कम है।

### डॉलर का रेट अधिक चल रहा

एक एक्सपर्ट के मुताबिक, अभी डॉलर का रेट अधिक चल रहा है जिससे करेंसी एक्सचेंज महंगा है। इस वजह से कई देश भारत का चावल कम मंगा रहे हैं। निर्यातकों का यह भी मानना है कि देश का कोई भी मिलर अपने स्टॉक में चावल की स्टॉक नहीं रखना चाह रहा है क्योंकि खरीफ सीजन में इसकी बंपर पैदावार हुई है। स्टॉक रखने का फायदा तभी होता है जब आगे दाम बढने की संभावना होती है लेकिन पैदावार अधिक होने से आगे दाम में गिरावट आने की पूरी संभावना है। इसे देखते हुए मिलर अपना स्टॉक निकाल रहे हैं, जिससे भाव में कमी देखी जा रही है।

### गली में खेल रहा था छह साल का मासूम, पड़ोसी ने घर से कार निकालते समय कुचला

**कैथल।** क्योड़क गांव में वीरवार दोपहर के समय एक सड़क दुर्घटना में छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में बच्चा गली के बाहर खेल रहा था, लेकिन उस समय एक पड़ोसी अपनी कार घर से बाहर निकालने लगा तो बच्चा उसकी गाड़ी की चपेट में आ गया। परिजनों ने तुरंज उसे एक निजी अस्पताल में दाखिल किया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के दादा महेंद्र की शिकायत पर पड़ोसी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दादा ने बताया कि उसका छह साल का पोता आदित्य पहली कक्षा में पढ़ता था। वीरवार दोपहर के समय स्कूल से आने के बाद गली में खेलने के लिए जा रहा था। इस दौरान पड़ोसी ने जैसे ही कार बाहर निकाली तो उसका पोता कार के सामने आ गया और कार व ईंटों के बीच फंसने से उसकी मौत हो गई। बताया कि इससे पहले दो दिसंबर को उसके पिता सोनू की भी मृत्यु हादसे में हो गई थी। सोनू वेल्डर का काम करता था और एक बस पर वेल्डिंग करते समय बिजली की चपेट में आ गया था। दादी की पहले मृत्यु हो चुकी है। अब परिवार में आदित्य का छोटा भाई कार्तिक, उसकी मां व दादा हैं।

### यमुनानगर के तीन गांवों की 350 एकड़ भूमि पर बनेगा सरस्वती सरोवर

**यमुनानगर।** जिले के व्यासपुर स्थित रामपुरा हेडियान, रामपुरा कंबोयान व छलौर के बीच में साढ़े तीन सौ एकड़ में सरस्वती सरोवन बनाया जाएगा। जिसमें पानी इकट्ठा किया जाएगा। सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच ने सरस्वती सरोवन की खुदाई के कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि रामपुर हेडियान, रामपुर कंबोयान व छलौर के बीच करीब साढ़े तीन सौ एकड़ पंचायती जमीन पर वाटर रिजर्वायर की खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है। मुख्य प्रोजेक्ट सोमनदी में बैराज, हरियाणा-हिमाचल सीमा पर डैम जल्द ही बनाया जाएगा। बैराज की एक टेस्टिंग बाकी है। जिसकी सीएसएमआर के वैज्ञानिक कार्य कर रहे हैं। करीब एक माह में टेस्टिंग क्लीयर होने के बाद डैम व बैराज का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। डैम के लिए वन विभाग से एनओसी मिलना बाकी है। विभाग से अंतिम दौर की वार्ता चल रही है। जो शीघ्र ही क्लीयर हो जाएगी। इस प्रोजेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री व हरियाणा सरकार पूरी तरह से गंभीर है। पहली सरकार में जितने टेस्ट होने थे वो पूरे हो चुके हैं। केंद्रीय एजेंसियां सीएसएमआर, जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया देख रही हैं। डैम का निर्माण होने से किसानों को फायदा होगा। क्षेत्र में बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचा जा सकेगा।



खुदाई का शुभारंभ करते अधिकारी।

### यमुनानगर : जहरीला पदार्थ खाने से खनन कारोबारी की मौत

**यमुनानगर।** शहर के हुडा सेक्टर-18 में रहने वाली खनन कारोबारी संदीप डब्बास की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वीरवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला भिवानी निवासी संदीप डब्बास जगाधरी के सेक्टर-18 में परिवार के साथ रहता था। वह यमुनानगर में खनन कारोबार से जुड़ा था। बताया जा रहा है कि बुधवार रात संदीप ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिवार के सदस्यों ने जब उसे गंभीर हालत में देखा तो उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# टोहाना में जन औषधि केंद्र में घुसे दो बदमाश पिस्तौल दिखाकर दुकानदार से हजारों रुपये लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ बाइक पर पहुंचे थे तीन युवक
■ एक युवक बाहर इंतजार करता रहा

जिले के शहर टोहाना में दिनदहाड़े तीन युवकों द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में घुसकर दुकानदार से हजारों की नकदी लूटने का समाचार है। दो युवकों ने मुंह पर कपड़ा बांधा था और दवा लेने के बहाने दुकान में घुसते ही उन्होंने दुकानदार पर पिस्तौल तान दी और वारदात को अंजाम देकर बाहर बाईक लेकर खड़े तीसरे साथी के साथ फरार हो गए। इस बारे सूचना मिलते ही थाना शहर टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। लूटपाट की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में पुराना मॉडल टाऊन टोहाना निवासी सौरभ मित्तल ने कहा है कि उसकी रेलवे रोड पर प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के नाम से दुकान है। गत दिवस शाम को वह दुकान पर बैठा था तो उसी दौरान 3 युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवाई लेने के बहाने आए। इनमें से दो युवक दुकान के अंदर घुस गए जबकि एक युवक दुकान के बाहर मोटरसाइकिल पर बैठा रहा। दुकान में घुसे दोनों युवकों के मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। दुकान में घुसते ही एक युवक ने उसे पिस्तौल दिखाई और दुकान के गल्ले की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जितने भी रुपये है, वह उसे निकाल दे दे। इसके बाद युवक ने गल्ले व उसकी जेब से करीब 60-70 हजार रुपये की नकदी निकाल ली। इसके बाद उक्त युवक उसका मोबाइल फोन भी साथ लेकर जाने लगे तो उसने शोर मचा दिया। इस पर युवक मोबाइल को वहीं फैंककर चले गए। जाते-जाते युवकों ने उसे धमकी दी कि अगर किसी को बताया कि तो उसे जान से मार देंगे। बाद में पीड़ित दुकानदार ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर इनकी तलाश शुरू कर दी है।



■ सीसीटीवी फुटेज में दुकानादार पर पिस्तौल ताने दिखाई दे रहा एक बदमाश



## खबर संक्षेप



### आंद्रीवा से हारकर बाहर हुईं इगा स्वियातेक

**दुबई।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को पहली बार 18 साल से कम उम्र की खिलाड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जब वह बृहस्पतिवार को यहां माइरा आंद्रीवा के खिलाफ शिकस्त के साथ दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। सत्रह साल की आंद्रीवा ने स्वियातेक के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की और दुबई चैंपियनशिप के 24 साल के इतिहास में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गईं। आंद्रीवा इससे पहले पिछले साल सिनसिनाटी में स्वियातेक के खिलाफ अपने एकमात्र मुकाबले में हार गईं थी। रूस की आंद्रीवा अगले दौर में छठी वरीय एलेना रिबाकिना और सोफिया केनिन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

### एफआईएच प्रो लीग में आज भारत का मुकाबला जर्मनी से

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम अब तक एफआईएच प्रो लीग के चार मैच में सिर्फ एक में जीत दर्ज कर पाई है



जिससे शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ मैच में उसकी निगाहें उलटफेर कर अपनी किस्मत बदलने की होगी। चुनौतीपूर्ण शुरुआत के बाद भारतीय महिला टीम वापसी करने और तालिका में अपनी स्थिति सुधारने के लिए महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए दृढ़ संकल्प है। सलिमा टेटे की अगुवाई वाली टीम चार मैच में चार अंक लेकर आठवें स्थान पर है।

### पाक को लगा झटका, फखर चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ कुछ भी अच्छा होते हुए नजर नहीं आ रहा है। टूर्नामेंट के पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के



खिलाफ 60 रनों से हार मिली। अब टीम के स्टार बल्लेबाज फखर जमान चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कीवी टीम के खिलाफ वह नंबर-4 पर खेलने आए थे। मैच के पहले ओवर में ही फखर को फील्डिंग करने के दौरान चोट आई थी। पाकिस्तान अपना अगला मैच भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ दुबई में खेलेगी।

### माफ करो और आगे बढ़ो, हर चीज की चिंता नहीं कर सकते

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने के अपने रहस्यों को साझा



करते हुए कहा कि भले ही ऐसा करना कठिन हो लेकिन माफ करके आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही खुद को एक लापरवाह व्यक्ति बताया जो अपनी रात की नींद इस बात पर ध्यान देकर खराब नहीं करता कि अन्य लोग उनके बारे में क्या सोच रहे हैं। अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में भारत को दो विश्व कप खिताब दिलाने वाले 43 वर्षीय पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी को खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।

### वीनस को इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला

**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)।** वीनस विलियम्स को अगले महीने इंडियन वेल्स में होने वाले बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के



लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है जो इस 44 वर्षीय खिलाड़ी का पिछले एक साल में पहला टूर्नामेंट होगा। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने 19 मार्च, 2024 को मियामी ओपन के पहले दौर में हार के बाद किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। पहली बार 1994 में लिया था भाग वीनस ने पहली बार 1994 में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में भाग लिया था।

# डब्ल्यूपीएल: मुंबई के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने आज उतरेगी आरसीबी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

लगातार दो मैच में जीत से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आज शुक्रवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ विजय अभियान जारी रखकर महिला प्रीमियर लीग में जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी। आरसीबी ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

उसने पहले मैच में गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। आरसीबी के अलावा टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है।

#### इन खिलाड़ियों पर जमीं सबकी निगाहें




*इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।*

#### मुंबई टीम भी है बेहद मजबूत

मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़ बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025: केएल राहुल ने नाबाद 41 रन की पारी खेली

# शमी के पांच विकेट, गिल का नाबाद शतक भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराया

भाषा ▶▶| दुबई

भारत ने मोहम्मद शमी (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (नाबाद 101 रन) की परिस्थितियों के अनुकूल खेली गई संयमित शतकीय पारी की मदद से बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को 21 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त दी। गिल का यह आईसीसी टूर्नामेंट में पहला शतक है। उन्होंने अपने इस धीमे शतक के लिए 129 गेंद का सामना किया जिसमें नौ चौके और दो छक्के जड़े थे। उनके साथ केएल राहुल (नाबाद 41 रन, 47 गेंद, एक चौका, दो छक्के) ने 87 रन की अटूट साझेदारी निभाई और छक्का जड़कर जीत दिलाई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश के लिए मांसपेशियों में खिंचाव से जूझ रहे तौहीद हृदय ने अपना पहला वनडे शतक जड़ा लेकिन शमी (53 रन देकर पांच विकेट) की गेंदबाजी के सामने टीम 49.4 ओवर में 228 रन पर ढेर हो गई। भारत ने रोहित शर्मा (41 रन) और गिल की तेज शुरूआत के बाद जल्दी जल्दी विकेट गंवा दिए। लेकिन फिर गिल और राहुल ने मिलकर 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। रोहित ने




तेज शुरूआत की और जल्द ही वनडे में 11,000 रन पूरे किए। पर पावरप्ले के अंतिम ओवर में तास्किन अहमद की गेंद को हवा में उठाया और रिशाद हुसैन को आसान कैच दे बैठे जिससे उनकी 36 गेंद में सात चौके जड़ित पारी का अंत हुआ। गिल और विराट कोहली ने धीमी होती पिच पर संभलकर बल्लेबाजी की जिस पर स्पिनरों को काफी मदद मिल रही थी। कोहली अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन एक बार फिर लेग स्पिन का शिकार हो गए। उन्होंने रिशाद हुसैन की लेग ब्रेक गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में कट करने का प्रयास किया जहां सौम्य सरकार ने आसान कैच लेकर 38 गेंद में 22 रन की पारी का अंत किया।

#### रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में 11,000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज




**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान वनडे में 11,000 रन पूरे करके हमवतन विराट कोहली के बाद दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। रोहित 50 ओवर के प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय और कुल 10वें बल्लेबाज हैं। भारतीय कप्तान ने ग्रुप ए के मैच में 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में मुस्तफिजुर रहमान की गेंद पर मिड-ऑन पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने अपने 270वें मैच में यह मुकाम हासिल किया और पारी के लिहाज से वह कोहली के बाद 11,000 रन पार करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं। कोहली ने 222 पारियों में 11,000 रन का आंकड़ा पार किया था जबकि रोहित ने 261 पारियों में इतने रन बनाए हैं। इस सूची में उनके बाद महान सचिन तेंदुलकर (276 पारी), रिकी पोंटिंग (286) और सौरव गांगुली (288) का नंबर आता है।

**मुकाबला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से**

# अफगानिस्तान और द.अफ्रीका के बीच मैच आज, देखने को मिलेगी कड़ी टक्कर



एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का तीसरा मैच अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच आज 21 फरवरी शुक्रवार को खेला जाएगा। हाल के दिनों में अफगानिस्तान ने वनडे में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ऐसे में तेम्बा बावुमा की टीम उसे हल्के में नहीं लेना चाहेगी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका कुछ खास नहीं कर पाई थी। ऐसे में वह सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच 21 फरवरी को नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

हर बार की तरह इस बार भी अफगानिस्तान की गेंदबाजी इस टूर्नामेंट में कमाल की है। टीम के पास राशिद खान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी जैसे शानदार स्पिन गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाजी में फजलहक फारूकी से काफी उम्मीदें होंगी।

#### संभावित एकादश

**दक्षिण अफ्रीका:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरज़ी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।


**अफगानिस्तान की संभावित प्लेइंग इलेवन**

अफगानिस्तान: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

# कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने अल्काराज़ ने बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶| दोहा

शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने लुका नारडी को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी दूसरे सेट में एक समय 4–1 से आगे था लेकिन इटली के खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी करके मैच को तीसरे और निर्णायक सेट तक खींच दिया। अल्काराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा।



#### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प को 6-4, 6-4 से हराकर पांचवीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच तय किया। चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने ज़िज़ौ बर्ग्स को 6-2, 6-1 से हराया। वह अंतिम आठ में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे से भिड़ेंगे। जैक ड्रेपर ने क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-2, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्होंने टालोन ग्रिक्सपुर को 7-6 (4), 6-7 (6), 6-4 से हराया। बेरेटिनी ने पिछले दौर में नोवाक जोकोविच को हराया था।

### स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में भारत का 49 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** भारत का 49 सदस्यीय दल इटली के तूरिन में आठ से 15 मार्च तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में हिस्सा लेंगे। स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 12वें सत्र में आठ खेलों का आयोजन किया जाएगा और इसमें 102 देशों के 1500 से अधिक खिलाड़ियों और 621 कोच के हिस्सा लेने की उम्मीद है। खेलों के लिए एक लाख दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। भारत ने इन खेलों में अब तक 167 पदक जीते हैं जिसमें 73 स्वर्ण, 49 रजत और 45 कांस्य पदक शामिल हैं।

# हरियाणा 106 पदक के साथ राष्ट्रीय पैरालंपिक में बना ओवरऑल चैंपियन

भाषा ▶▶| चेन्नई

हरियाणा ने बृहस्पतिवार को संपन्न 23वीं राष्ट्रीय पैरालंपिक एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 49 स्वर्ण सहित 106 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा ने 49 स्वर्ण के अलावा 32 रजत और 25 कांस्य पदक भी जीते तथा पदक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए ओवरऑल चैंपियन बना। मेजबान तमिलनाडु 17 स्वर्ण, 18 रजत और 12 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि उत्तर प्रदेश ने 14 स्वर्ण, 17 रजत और 11 कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान और महाराष्ट्र इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष पांच में रहे। प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन हरियाणा ने पुरुषों की चक्का फेंक



एफ 37 स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। भविष्य ने 44.27 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके राज्य के साथी हनी 44.13 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के ही अंकित ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की चक्का फेंक एफ 51 स्पर्धा में हरियाणा के धरमबीर ने 10.91 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि एफ62/एफ64 स्पर्धा में सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के प्रदीप कुमार 44.00 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। एसएससीबी के राकेश ने 49.52 मीटर के प्रयास के साथ पुरुषों की चक्का फेंक एफ42/एफ43/एफ44 स्पर्धा जीती। हरियाणा की एकता भयान ने क्लब थ्रो एफ32/एफ51 स्पर्धा में अपना दबदबा बनाए रखा और 20.14 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर टी35/टी36/टी37 स्पर्धा के फाइनल में दिल्ली की प्रियंका शर्मा ने 38.11 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,476 पैरा खिलाड़ियों ने 155 स्पर्धाओं में भाग लिया।

### राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद जीता खिताब

# आडवाणी ने जीता 14वां एशियाई चैम्पियनशिप खिताब

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यहां एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप में अभूतपूर्व 14वां स्वर्ण पदक जीत लिया। आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि वह देश के सबसे प्रतिष्ठित क्यू खिलाड़ी हैं।

इस जीत ने क्यू स्पोर्ट्स के इतिहास में उनकी जगह को और भी मजबूत कर दिया है। चूंकि वह इस साल के अंत में होने वाली विश्व स्नूकर चैंपियनशिप पर अपनी नजरें लगाए हुए हैं। हर कोई यह देखने के लिए बेताब है कि क्या वह अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।



#### पुरस्कारों की सूची में एक और हुआ इजाफा

आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं जिसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप खिताब जीतना शामिल है।

#### स्नूकर में भी जीते तो रच देंगे इतिहास

बिलियर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अब अगर वह स्नूकर में ऐसा कर लेंगे तो वह दोनों स्पर्धाओं में ऐसा करने वाले इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी बन जाएंगे। ईरान के अमीर सरखोश के खिलाफ फाइनल चैम्पियन के बीच मुकाबला था। पूर्व एशियाई और विश्व आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर चैंपियन सरखोश ने शुरुआती बढ़त हासिल की। लेकिन दबाव में अपने संयम के लिए मशहूर आडवाणी ने शानदार तरीके से जवाब दिया। आडवाणी ने 93 और 66 के ब्रेक से मैच पर नियंत्रण कर लिया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# धामने, रामकुमार, प्रज्वल को बेंगलुरु ओपन में वाइल्ड कार्ड



**बेंगलुरु।** भारत के 17 साल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मानस धामने, अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और एसडी प्रज्वल देव को 24 फरवरी से यहां शुरू हो रहे बेंगलुरु ओपन एटीपी चैलेंजर 125 टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। कृष त्यागी और निकी कलियंडा पूनाचा मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग दौर में वाइल्ड कार्ड के तौर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम संख्या 25 (2009) के तहत स्थापित)
जांट-पाली , महेंद्रगढ़-123029

ह.के.वि/ सं.स. प्र. अ/2025/4950(डी) दिनांक: 17/02/2025

**अल्पावधि निविदा सूचना**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में दिनांक 08.03.2025, 09.03.2025 एवं 10.03.2025 को आयोजित होने वाले **"हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह-2025 तथा स्पंदन-2025"** के लिए **"वाटर प्रूफ एवं फायर प्रूफ हैंगर , टेंट , साउंड, लाइटिंग तथा संबद्ध सेवाएं"** उपलब्ध कराने हेतु दो-भागों (बोली) प्रणाली के अंतर्गत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पूर्ण भरी हुई निविदाएं हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक खण्ड में संपदा एवं सामान्य प्रशासन अनुभाग के कक्ष संख्या 123 में दिनांक **27.02.2025 को अपराह्न 2:00** बजे तक जमा की जा सकती है। निविदा के संबंध में अधिक विवरण / नियम एवं शर्तों / शुद्धिपत्र / परिशिष्ट / इत्यादि के लिए, कृपया नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in देखें। कुलसचिव (प्रभारी)

## चिंतन

# रेखा के सामने होंगी दिल्ली को संवारने की चुनौतियां

सीएम के चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर चौंकाया है। चर्चित नामों से हटकर रेखा गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की कमान सौंपी है। वे शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक जरूर बनी हैं, पर पिछले तीस वर्षों से एबीवीपी, संघ व भाजपा से जुड़ी हुई हैं और दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। पूर्व मेयर के अनुभव के साथ संघ की पृष्ठभूमि दिल्ली के शीर्ष पद तक पहुंचने में काम आई है। भाजपा के लिए दिल्ली के सीएम पद हेतु एक योग्य नाम पर मुहर लगाना आसान नहीं रहा होगा, कारण कई मजबूत नाम रेस में थे। लेकिन पार्टी ने वैश्य समाज से आने वाली अपनी महिला नेता रेखा गुप्ता को आगे बढ़ाकर एक साथ कई संदेश दिए। अरविंद केजरीवाल खुद को वैश्य समाज से बताते हैं और हरियाणा से हैं। रेखा गुप्ता महिला हैं, वैश्य समाज से आती हैं और हरियाणा से हैं। भाजपा का सामाजिक समीकरण रेखा के पक्ष में गया है। दिल्ली में सात फीसदी वैश्य हैं। वैश्य भाजपा के कोर वोटर रहे हैं। आगे बिहार, पश्चिम बंगाल व पंजाब में चुनाव हैं, यहां भी वैश्य की अच्छी आबादी है और आजकल महिलाओं को अलग से वोटबैंक के रूप में देखा जाता है, इसलिए भाजपा ने एक महिला को सीएम बनाकर राजनीतिक व्याकरण को मजबूत किया है। अभी भाजपा शासित राज्यों में ब्राह्मण, राजपूत, ओबीसी, आदिवासी समाज से सीएम हैं, इस कड़ी में वैश्य भी जुड़ गया है। रेखा के जरिये महिला मतदाताओं को सीधा संदेश दिया है। दिल्ली भाजपा के अंदर ताकतवर नेताओं के बीच संभावित गुटबाजी को साधते हुए भी राजनीतिक रूप से अनुभवी महिला का चुनाव किया है। रेखा गुप्ता ने छह मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है, प्रवेश वर्मा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। एक दिन पहले बुधवार को रेखा दिल्ली भाजपा विधायक दल की नेता चुनी गई थीं। रेखा दिल्ली की चौथी महिला सीएम बनी हैं। इससे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी मर्लिना दिल्ली की सीएम रह चुकी हैं। सीएम के रूप में रेखा के लिए राह आसान नहीं रहने वाली है। आम आदमी पार्टी के रूप में रेखा सरकार के सामने एक मजबूत विपक्ष होगा, और उन्हें अपने मंत्रियों व पार्टी के अंदर भी संतुलन बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी। अभी बेशक सब सरल लग रहा हो, पर जिन नेताओं को निराशा हाथ लगी है, उनकी महत्वाकांक्षा कभी भी उग्र हो सकती है। महिला, वैश्य व हरियाणा पृष्ठभूमि के चलते अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी के लिए विपक्ष के रूप में नई सीएम रेखा गुप्ता पर व्यक्तिगत राजनीतिक हमला करना कठिन होगा। 27 वर्ष बाद दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई रेखानीत भाजपा सरकार को अपने सभी चुनावी वादे पूरे करने होंगे। पानी, सड़क, सफाई, पर्यावरण सुधार, परिवहन, यमुना की सफाई आदि मोर्चे पर काम करने होंगे। इसी के साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं की दिल्ली को विश्व की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय राजधानी बनाने की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की दिशा में भी काम करना होगा। कचरा निस्तारण, खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर व प्रदूषण दिल्ली की बड़ी समस्याएं हैं। हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना होगा। मास्टर प्लान 2050 के अनुरूप दिल्ली का विकास करना होगा। हाउसिंग सेक्टर में बहुत अनियमितताएं हैं, उस दिशा में भी समन्वय के साथ काम जरूरी है। दिल्ली को विकसित व श्रेष्ठ राजधानी बनाने की दिशा में सीएम रेखा गुप्ता की सरकार की कार्यकुशलता व सफलता पर यहां भाजपा का राजनीतिक भविष्य निर्भर करेगा।



सियासत
डॉ. रमेश ठाकुर

# भाजपा की 'चौंकाऊ परंपरा' का सच

**आठ फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम बाहर निकला, सभी चकित रह गए। ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की? मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस 12वें दिन खत्म किया गया। सप्ताह भर तक नाम को गुप्त रखा गया? पार्टी ने विचार करके और आरएसएस की सिफारिश पर ही शालीमार से विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। हालांकि, वरिष्ठता के लिहाज से रेखा गुप्ता अन्य विधायकों के मुकाबले बहुत जूनियर हैं। रेखा के नाम का जब ऐलान हुआ, तो कई दावेदारों के चेहरों के रंग उड़ गए। प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री की रेस में सबसे अव्वल थे।**

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भारी मंथन और विचार-विमर्श के पश्चात दिल्ली चुनाव परिणाम के 12वें दिन बाद आखिरकार रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान हुआ। मुख्यमंत्री के नाम पर भारतीय जनता पार्टी की चौंकाऊ शैली का सिलसिला विभिन्न राज्यों की तरह दिल्ली में भी जारी रहा। भाजपा के जीते 48 विधायकों में शायद कोई एकाध नाम छूटा हो, जिनका नाम मुख्यमंत्री के दावेदार के तौर पर सोशल मीडिया में न तैरा हो। बड़ा कयास तो प्रवेश वर्मा को लेकर था। लेकिन अंत में वह पिछड़ गए। क्यों पिछड़ें? इसका जवाब किसी के पास नहीं? आठ फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम बाहर निकला, सभी चकित रह गए।

ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी नहीं की? मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस 12वें दिन खत्म किया गया। सप्ताह भर तक नाम को गुप्त रखा गया? पार्टी ने विचार करके और आरएसएस की सिफारिश पर ही शालीमार से विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। हालांकि, वरिष्ठता के लिहाज से रेखा गुप्ता अन्य विधायकों के मुकाबले बहुत जूनियर हैं। रेखा के नाम का जब ऐलान हुआ, तो कई दावेदारों के चेहरों के रंग उड़ गए। प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री की रेस में सबसे अव्वल थे, वह भी नाम सुनकर हक्के-बक्के हुए। जबकि, संघ ने प्रवेश के नाम पर मुहर पहले से लगाई हुई थी, पर मोदी-शाह सहमत नहीं थे। असहमति के बाद संघ ने किसी महिला को मुख्यमंत्री बनाने का विकल्प दिया। जिस पर भाजपा ने रेखा गुप्ता का नाम फाइनल किया। वैसे, दिल्ली की राजनीति के अलावा बाहर रेखा गुप्ता से लोग अपरिचित हैं। वह शालीमार बाग विधानसभा से पहली मर्तबा जीती हैं। भाजपा ने एक और नई परंपरा शुरू की है। चुनाव जीतने के बाद राज्यों में किसी बड़े चेहरे को मुख्यमंत्री के पद पर नहीं बैठाएंगे? जबकि, अंदरखाने इस परंपरा से वह नेता असहज और बेहद नाखुश हैं जो जीत में बड़ी भूमिका अदा निभाते हैं।

सीएम पद के दावेदारों में दिल्ली में भी कुछ बड़े और प्रचलित नाम थे लेकिन सभी नकारे गए। मोदी-शाह के फैसले के बाद पार्टी का अन्य कोई महत्वाकांक्षी विधायक शायद ही रेखा गुप्ता का विरोध करने का अब दुस्साहस कर पाए? सीएम बनने के बाद रेखा गुप्ता को भी अपना सियासी कार्यकौशल दिखाना पड़ेगा। पार्टी ने चुनाव अभियान में दिल्ली वालों को बहुतेरे सब्जबाग दिखाए हैं। उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी उन पर होगी। फ्री की सौगातें, पेयजल समस्या से निपटना, बिजली संकट, यमुना की सफाई, बेरोजगारी जैसे बड़े मसलों पर उनकी राजनीतिक परीक्षा दिल्ली की जनता लेगी। परीक्षा आम आदमी पार्टी की भी है। विपक्षी भूमिका में कितना कारगर साबित होंगे, ये उन्हें प्रूफ करना होगा।

भाजपा का चुनाव जीतने के बाद अंत तक मुख्यमंत्री के नाम को सार्वजनिक नहीं करने की 'चौंकाऊ परंपरा' इस समय चर्चाओं में है। ये सिलसिला बीते कुछ वर्षों से उन्होंने जारी रखा है। हालांकि इसके फायदे-नुकसान का गणित उन्हें ही पता होगा? पिछले ही साल मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी इसी शैली ने सबको चौंकाया था। मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव,



राजस्थान में पंडित भजनलाल शर्मा को सामने लाकर पार्टी ने प्रदेशों में खलबली मचा दी थी। उन तीनों राज्यों के निर्णयों में एक बात तो कॉमन थी, जो कतई भी चौंकाती नहीं? दरअसल, तीनों ही मुख्यमंत्री आरएसएस और भाजपा की राजनीतिक-संस्कृति में पले-बढ़े नेता हैं? तीनों नाम संघ-भाजपा की आपसी सहमति से तय हुए। पेशे से वकील रेखा गुप्ता सालों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रही हैं। संघ के नेताओं से भी उनके संबंध बेहतरीन बताए जाते हैं।

हरियाणा के जींद जिले स्थित नंदगढ़ गांव में जन्मी रेखा गुप्ता को लेकर भाजपा ने एक मास्टर स्ट्रोक खेला है। इस समय तकरीबन राज्यों में भाजपा की हुकूमतें हैं, जिनमें किसी में कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसलिए राजधानी में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर उस कमी को भाजपा ने दूर किया है। क्योंकि विपक्षी दल ये आरोप लगाते आए थे कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, पर निभाती नहीं? पार्टी ने जाति-समीकरण को देखकर ही रेखा गुप्ता का सीएम के लिए चुनाव किया है। क्योंकि वह वैश्य समाज से वास्ता रखती हैं। दिल्ली में वैश्य बहुतायत संख्या में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी वैश्य थे। उनकी काट पार्टी ने रेखा के जरिए की है। वैश्य समुदाय से जुड़े अन्य नेता के नाम पर भी मंथन हुआ। जैसे कि अगर अनुभवी राजनेता विजेंद्र गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया जाता, तब भी इस समीकरण को साध सकते थे। लेकिन महिला होने के नाते रेखा गुप्ता का पलड़ा विजेंद्र गुप्ता से भारी पड़ा।

भविष्य की चुनौतियों की जहां तक बात है तो उससे लड़ने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जमीन पर उतरना पड़ेगा बल्कि भाजपा की पूरी मशीनरी को भी सामूहिक रूप से दिल्ली में मोर्चा संभालना होगा। क्योंकि पार्टी ने चुनाव में वादों की बौछार की हुई है। सभी वादों को पूरा करना होगा। वादे पूरे इसलिए करने होंगे, क्योंकि दिल्ली को राजनीतिक पाठशाला कहते हैं। केंद्रीय मीडिया भी यहीं बसती है। नेता-नगरी से लेकर तमाम पावर-पैसा यहीं है। उन सभी की नजरें टिकी रहेंगी। इसके बाद भाजपा को बिहार भी कूच करना है। दिल्ली का मौजूदा बजट 76 हजार करोड़ के आसपास है जिसमें बेतहाशा वृद्धि नई सरकार को करनी पड़ेगी, तभी सभी वादों का खर्च उठा पाएगी सरकार। महिलाओं को नगद पैसे देना, पेंशन में बढ़ोतरी, बिजली-पानी फ्री, बस फ्री, प्रेग्नेंट महिलाओं को पैसा देना इत्यादी।

रेखा गुप्ता की राजनीति अभी तक नगर निगम तक सीमित रही। बड़े ओहदे का उन्हें अनुभव नहीं है। हालांकि, उनकी निजी शख्सियत खांटी भाजपाई की रही है। पर, राष्ट्रीय नेतृत्व वाली छवि से दूर? उनके भाषणों में उग्रता, मुखरता और लड़कपन हमेशा से दिखा। तभी तो, उनके नाम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर उनके पुराने विवादास्पद व आपत्तिजनक भाषणों को 'एक्स' से उठाकर लोग शेयर कर रहे हैं। पर देखा जाए तो मौजूदा राजनीतिक संस्कृति में इस तरह के कमेंट्स न सिर्फ अब पसंद किए जाते हैं, बल्कि उन्हें योग्यता के तौर पर देखा जाता है। निगम में उनके द्वारा माइक तोड़ने की घटना, केजरीवाल को अनाप-शनाप कहने वाले बयान भी सोशल मीडिया पर तैर रहे हैं।

बहरहाल, देश की राजधानी दिल्ली की राजनीति में अब चुनौतियों का दौर सत्ता पक्ष और विपक्षी पार्टी 'आप' दोनों के लिए शुरू होगा? चुनाव हारने के बाद आम आदमी पार्टी और विजय प्राप्ति के बाद भारतीय जनता पार्टी, दोनों दल दिल्ली में अपने-अपने राजनीतिक वजूद को बचाने और बढ़ाने में जुटेंगे। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस के समक्ष भी चुनौतियां हैं, वह भी उभरने की कोशिश करेगी। देखते हैं कि आने वाले समय में कौन-कौन अपनी परीक्षा में सफल होगा या विफल?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
विवेक शुक्ला



# रजिया से रेखा, दिल्ली पर राज करतीं महिला शासक

रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी के रामलीला मैदान पर जब दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तब वहां से कुछ दूरी पर दिल्ली 6 की एक गली में सन्नाटा था। इसका नाम है बुलबुलीखाना। यहां चारों तरफ से घिरे हुए परिसर में चिर निद्रा में हैं रजिया सुल्तान। यहां की हालत को देखकर समझ आता है कि इधर अब शायद ही कोई उस रजिया सुल्तान की कब्र पर फूल चढ़ाने आता हो जिसने 1236-1240 के बीच दिल्ली पर राज किया था। इधर लगे एक शिलापट्ट पर बताया गया है कि रजिया सुल्तान दिल्ली सल्तनत में ग़ुलाम वंश के प्रमुख शासक इल्तुतमिश की बेटी थीं। इल्तुतमिश ने अपनी मृत्यु से पहले अपनी बेटी को अपना उतराधिकारी बना दिया था। उसे अपने किसी भी पुत्र में दिल्ली पर राज करने की कुव्वत नजर नहीं आती थी। बहरहाल, रजिया सुल्तान के राज के सात सौ साल से भी अधिक समय के बाद शीला दीक्षित 1998 में दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। उन्होंने लगातार 15 सालों तक दिल्ली पर राज किया। इतने लंबे समय तक दिल्ली पर शायद ही किसी शासक ने लगातार राज किया हो। अगर मुख्यमंत्री के रूप में शीला दीक्षित का कार्यकाल सबसे लंबा रहा तो सुषमा स्वराज का कार्यकाल दो महीने भी नहीं रहा। वो 12 अक्टूबर 1998 से लेकर 3 दिसंबर 1998 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रही।

जाहिर है कि इतने छोटे से कार्यकाल में वो कोई अहम कदम जनता के हित में नहीं ले सकी थीं। भाजपा आलाकमान ने साहिब सिंह वर्मा के स्थान पर सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बनाया था। अब साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश साहिब सिंह वर्मा दिल्ली की कैबिनेट में आ गए हैं। अगर आप दिल्ली की सियासत के गुजरे दौर के पन्ने खंगालें तो पता चलेगा कि डॉ. सुशीला नैयर को अज्ञात कारणों के चलते यहां के पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी से दूर रखा गया था। देश के पहले लोकसभा चुनाव के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव 1952 में हुआ था। उसमें कांग्रेस को अभूतपूर्व विजय मिली। सियासत और सार्वजनिक जीवन में कामकाज के लिहाज से डॉ. सुशीला नैयर के मुख्यमंत्री बनने की पूरी उम्मीद थी। पर दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बनाए गए नांगलोई के विधायक चौधरी ब्रहम प्रकाश। उन्होंने डॉ. सुशीला नैयर को अपना स्वास्थ्य मंत्री बनाया। तब बहुत लोगों को हैरानी हुई थी कि डॉ. सुशीला नैयर को क्यों मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। वो देव नगर से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं थीं। डॉ. सुशीला नैयर गांधी जी की शिष्य होने के साथ-साथ उनकी निजी चिकित्सक भी थीं। वो गांधी जी के निजी सचिव प्यारे नैयर की छोटी बहन थीं। जब गांधी जी ने 12 से 18 जनवरी, 1948 को उपवास रखा तब डॉ. सुशीला नैयर उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रही थीं। उन्होंने ही फरीदाबाद में ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम की स्थापना करवाई। उन्होंने देशभर में डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्र में जाने को प्रेरित किया। उनकी शख्सियत बहुत शानदार थी। उन्होंने कभी किसी से शिकायत नहीं की कि उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। खैर, अरविंद केजरीवाल के अचानक से इस्तीफा देने के बाद आतिशी पिछले साल 17 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। अब रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलत राम कॉलेज की स्टूडेंट रही रेखा गुप्ता दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ की अध्यक्ष भी रही हैं।

उन्हें अब दिल्ली के मसलों को हल करना होगा। रेखा गुप्ता की पहली प्राथमिकता उस यमुना को स्वच्छ करना होना चाहिए जिसे दिल्ली सदियों से जमुना जी कहती है। उसके लिए यह पूजनीय है। पुरानी दिल्ली वाले इसे प्यार से और सम्मानपूर्वक अब 'जमुना जी' ही कहते हैं। दिल्ली के लिए, यमुना सिर्फ एक नदी ही नहीं है। इसके पानी में स्नान करना एक आशीर्वाद माना जाता है, मोक्ष की ओर एक कदम। जब दिल्ली अपनी चारदीवारी वाले शहर तक ही सीमित थी, तो जमुना जी जीवन रेखा थीं। इसने पीने का पानी उपलब्ध कराया, अपने किनारों पर उगाई जाने वाली सब्जियों को पोषण दिया, पशुधन को पानी पिलाया, जीवंत तैराकी मेलों की मेजबानी की।

दिल्ली की बुजुर्ग महिलाएं नियमित रूप से सुबह जल्दी जमुना जी जाती थीं, स्नान और ध्यान के लिए। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद बीजेपी की सत्ता में वापसी के साथ, उसे यमुना को बचाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थिति गंभीर है। दिल्ली में वजीराबाद से ओखला बैराज तक यमुना नदी के प्रदूषण के कई कारण हैं, जो इसे मैली बनाते हैं। रेखा गुप्ता के सामने चुनौती बड़ी है। उन्हें अपने को साबित करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कुंभ में लोगों की भयावह भीड़ क्यों?**

इस मानुष जीवन में इतने अधिक और भयंकर पाप करते ही क्यों हो कि इन अत्यंत ही दूभर, दुष्कर, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पवित्र गंगा में स्नान करने के लिए तीर्थ श्री प्रयागराज को जाना पड़े! इस तथ्य से तुरंत परिचित हो जाइए कि इस बार कोई ऐसा बहुत बड़ा या श्रेष्ठ योग नहीं बना है कि अपने या दूसरों के जान-माल को भयंकर जोखिम में डालकर सिर्फ वहीं पर गंगा स्नान किया जाए। अब कई विद्वान लोगों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि कुछ इसी तरह का संयोग मात्र ही 144 वर्ष पहले बना था। यह कोई महानतम, सर्वश्रेष्ठ, दुर्लभ योग नहीं है महाकुंभ में स्नान ही करने के लिए। मैं शत-प्रतिशत आस्तिक और आस्था वाला सनातन व्यक्ति हूं, लेकिन सामूहिक उन्माद का कड़ा विरोधी भी। सभी को भगवान के नाम पर शांति और संयम से सोचकर ही कार्य करना चाहिए। *- मुमुक्षु के. ठाकुर, चंबा*

### ट्रेंड

**स्थापना दिवस पर बधाई**



अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई। मुझे विश्वास है कि दोनों राज्यों के लोग अपनी असाधारण प्राकृतिक विरासत व सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखेंगे। प्रगति और उत्कृष्टता के नए अध्याय लिखेंगे।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

**गरीबी रेखा से ऊपर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर उठाए गए कदमों का परिणाम है कि प्रदेश में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

**हर कार्य में सहयोग करेंगे**



दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बहुत-बहुत बधाई। मैं उम्मीद करता हूँ कि दिल्ली की जनता को किए गए सारे वादे वे पूरे करेंगी। जनता के विकास और भले के हर कार्य में हम उन्हें सहयोग करेंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**स्वयं के विरुद्ध विद्रोह**



जैसे एक सांस दूसरी सांस के खिलाफ विद्रोह करती है.. प्रत्येक सांस लेने और छोड़ने के बीच.. वैसे ही ब्रह्मांड लगातार अपने खिलाफ विद्रोह करता रहता है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका स्वयं के विरुद्ध भी निरंतर विद्रोह में है और इसलिए ब्रह्मांड के साथ सद्भाव में मौजूद है।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# सिंगापुर ने राष्ट्रीय भोजन कार्यक्रम किया निलंबित



सिंगापुर ने स्कूल ऑफ आर्ट्स (एसओटीए) में भोजन के कारण खाद्य विषाक्तता के मामले सामने के बाद बृहस्पतिवार को दो दिन पुरानी 'राष्ट्रीय तैयारी पहल' को अस्थायी रूप से रोक दिया जिसमें तैयार भोजन परोसना शामिल है। सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए), शिक्षा मंत्रालय, एजेंसी फॉर इंटीग्रेटेड केयर और खाद्य आपूर्तिकर्ता एसएटीएस ने संयुक्त बयान में कहा जब तक स्कूल ऑफ द आर्ट्स में खाद्य विषाक्तता के मामलों की जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक सिंगापुर फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम को एहतियातन निलंबित किया जा रहा है। चैनल न्यूज एशिया ने बुधवार को पहली बार खाद्य विषाक्तता मामले की रिपोर्ट दी थी।इस भोजन को खाने के बाद 20 छात्रों में डायरिया और उल्टी जैसे लक्षण सामने आए। ये तैयार भोजन इस साल के 'फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम' के तहत 90 से अधिक स्कूलों के 1 लाख से अधिक छात्रों और शिक्षकों को वितरित किया जाना था। एसओटीए के छात्रों को मंगलवार को एक्सरसाइज एसजी रेडी के तहत ये भोजन प्रदान किया गया था। यह अभ्यास टोटल डिफेंस पहल के तहत बिजली कटौती और खाद्य आपूर्ति में रुकावट जैसी आपातकालीन स्थितियों में तैयार रहने के लिए किया गया था।

## ऑफ बीट

# मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है



ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सत्यमेव जयते
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

# गति कृषि विकास में



केन्द्रीय बजट 2025-2026

## समृद्ध अन्नदाता, समृद्ध भारत

### किसानों को मिली नई सुविधाएं बनेंगी विकसित भारत का आधार

पीएम धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत 100 जिलों में उत्पादकता बढ़ाकर 1.7 करोड़ किसानों का विकास

लगभग 7.7 करोड़ मछुआरों, किसानों तथा डेयरी किसानों की मदद के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की ऋण सीमा बढ़ाकर ₹5 लाख की

भारत के समुद्री क्षेत्र के उद्यमियों और किसानों की मदद के लिए, फ्रोजन फिश पेस्ट पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 30% से घटकर 5% और फिश हाइड्रोलाइसेट पर 15% से घटकर 5%

कॉम्प्रहेंसिव रूरल प्रोस्पेरिटी एंड रेसिलिएंस कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी और निवेश द्वारा स्थानीय कृषि और रोजगार बढ़ाएँगे ताकि प्रवास एक विकल्प बने, मजबूरी नहीं (शुरुआत 100 कृषि जिलों से)

स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और ग्रामीण इलाकों के लोगों की ऋण आवश्यकताओं के लिए 'ग्रामीण क्रेडिट स्कोर' का ढांचा तैयार

दालों, खासकर अरहर, उड़द और मसूर में आत्मनिर्भरता के लिए एक खास मिशन

CBC 15201/13/0011/2425



# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और कैबिनेट ने वासुदेव घाट पर की आरती, यमुना मैया के गूंजे जयकारे

## मेनिफेस्टो में यमुना साफ करने का वादा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को सचिवालय में राष्ट्रीय राजधानी की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के तुरंत बाद वासुदेव घाट पर अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ यमुना आरती की। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना नदी में प्रदूषण और इसकी सफाई बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया था। 'आप' संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर यमुना के अत्यधिक प्रदूषित होने को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने हमला किया था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अपने कैबिनेट सहयोगियों प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्रराज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह के साथ कैबिनेट की पहली बैठक से पहले 'मां यमुना पूजा' की। घाट पर राम भजन बजाए गए और ''जय श्री राम'' और ''यमुना मैया की जय'' के जयकारे लगाए गए। इससे पहले शालीमार बाग से पहली बार विधायक बनीं गुप्ता को उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। उनके मंत्रिपरिषद ने भी शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, जे पी नड्डा और राजनाथ सिंह समेत भाजपा के शीर्ष नेता और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री इस समारोह में शामिल हुए।

**25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी रहे तैनात**

**घाट पर राम भजन गाए गए, लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग**

**नई सीएम का ऐलान, भाजपा अपने सभी वादों को पूरा करेगी**



### मां यमुना को पुराने साकार रूप में लाने का संकल्प

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि गुरुवार को मां यमुना की आरती करते हुए हमने फिर से उस संकल्प को दोहराया जो हमारी प्राथमिकता रहेगी कि मां यमुना को फिर से उनके पुराने साकार रूप में लेके आना और साफ करना। दिल्ली को युमना मां का फिर से आर्शीवाद देना। यमुना की सफाई के लिए जो संसाधन लगाने होंगे उस पर पूरे लेआउट के साथ काम किया जाएगा। शपथ के बाद कार्यभार ग्रहण करने के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हम विकसित दिल्ली के लिए काम करेंगे और पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाएंगे।

### 'विकसित दिल्ली' मिशन को साकार करने में एक भी दिन बर्बाद नहीं किया जायेगा : रेखा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यहां सचिवालय में दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया और कहा कि विकसित दिल्ली मिशन को साकार करने में एक भी दिन बर्बाद नहीं किया जायेगा। गुप्ता ने यह भी कहा कि नयी भाजपा सरकार राष्ट्रीय राजधानी के लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा करेगी। पहली बार शालीमार बाग से विधायक निर्वाचित हुईं रेखा को आज उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय पहुंचीं और दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में कामकाज संभाल लिया। उनके साथ भाजपा के दिल्ली प्रभारी बैजयंत पांडा और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत अन्य पार्टी नेता थे। कार्यभार संभालने के बाद गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी सरकार 'विकसित दिल्ली' के 'मिशन' को साकार करने में एक भी दिन बर्बाद नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ''हम दिल्ली की जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करेंगे।''

### मेरी मां का कठिन परिश्रम रंग लाया : निकुंज गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बेटे निकुंज गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी मां के 30 वर्ष का कठिन परिश्रम आखिरकार आज रंग लाया और वह दिल्ली की मुख्यमंत्री बन गईं। पहली बार विधायक बनीं रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटी है। निकुंज ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा कि 20 साल की उम्र में वह अपने दम पर दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष बनी थीं। उन्होंने कहा, "मेरी मां के पास कोई राजनीतिक समर्थन नहीं था और दिन-रात अपनी कड़ी मेहनत से उन्होंने आज यह मुकाम हासिल किया है।" निकुंज ने कहा, "मेरी मां की कड़ी मेहनत ने उनके राजनीतिक करियर को बनाया।

### मैं भाजपा का बहुत अनुशासित कार्यकर्ता हूं : प्रवेश वर्मा

भाजपा के नेता एवं नयी दिल्ली के विधायक प्रवेश वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पार्टी के बहुत अनुशासित कार्यकर्ता हैं और उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसे वह पूरा करेंगे। वर्मा ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भाजपा का समर्थन किया है और 48 सीट पर जनादेश दिया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि दिल्ली के प्रति हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली के लोगों ने हमें प्यार और आशीर्वाद दिया है। 26 साल से अधिक समय बाद भाजपा यहां सरकार बना रही है। मैं विशेष रूप से हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। दिल्ली के लोगों को पूरा भरोसा है कि उनके नेतृत्व में हम इसे दुनिया की सबसे खूबसूरत राजधानी बनाएंगे।'' वर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में दिल्ली को अच्छा मार्गदर्शन मिला।



### ऐसी है रेखा गुप्ता की नई टीम

#### पढ़ाई-लिखाई

रेखा गुप्ता सरकार के दो मंत्री परास्नातक, दो स्नातक, दो पेशेवर स्नातक हैं। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा कैबिनेट में सबसे कम पढ़े-लिखे मंत्री हैं। सिरसा 12वीं पास हैं। दो स्नातक मंत्रियों में जनकपुरी से जीते आशीष सूद और बवाना से जीते रविंद्र इंद्रराज सिंह शामिल हैं। रविंद्र इंद्रराज सिंह ने बीए किया है, वहीं आशीष सूद के पास बीकॉम की डिग्री है। पेशेवर स्नातक मंत्रियों में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विकासपुरी से जीते पंकज कुमार सिंह शामिल हैं। पेशे से डेंटिस्ट पंकज के पास बीडीएस की डिग्री है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मेरठ की चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से एलएलबी की है।

#### कितनी संपत्ति

दिल्ली की नई सरकार के सभी मंत्री करोड़पति हैं। रेखा गुप्ता कैबिनेट की औसत संपत्ति 56.03 करोड़ रुपये है। छह में दो मंत्रियों की संपत्ति 100 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। इनमें प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा शामिल हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री हैं। उनके पास 248.85 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है। वहीं, प्रवेश वर्मा के पास 115.63 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है। कपिल मिश्रा इस कैबिनेट में सबसे कम संपत्ति वाले मंत्री हैं। चुनावी हलफनामे में उन्होंने अपने पास कुल 1.06 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई है।

#### औसत उम्र 50 साल से कम

दिल्ली सरकार की औसत उम्र 50 साल से कम है। नई कैबिनेट में 44 साल के कपिल मिश्रा सबसे युवा हैं। कपिल मिश्रा के साथ ही 47 के प्रवेश वर्मा और 48 के पंकज कुमार सिंह भी ऐसे मंत्री हैं जिनकी उम्र 50 साल से कम है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और रविंद्र इंद्रराज सिंह ने चुनावी हलफनामे में अपनी उम्र 50 साल बताई है। वहीं, कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उम्र 52 साल है। वहीं, जनकपुरी से जीते 58 साल के आशीष सूद कैबिनेट के सबसे उम्रदराज मंत्री हैं। कैबिनेट की औसत उम्र 49.85 साल है।

#### आपराधिक रिकॉर्ड

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर कोई भी आपराधिक मामला नहीं चल रहा है। रेखा गुप्ता कैबिनेट की बात करें तो रेखा गुप्ता और एक अन्य मंत्री को छोड़कर अन्य सभी पर कम से कम एक मामला चल रहा है। रेखा गुप्ता के साथ ही रविंद्र इंद्रराज सिंह भी ऐसे मंत्री हैं जिन पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और पंकज कुमार सिंह पर एक-एक मामले चल रहे हैं। कपिल मिश्रा के ऊपर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा के ऊपर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर व संपन्न बनाएंगे : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेखा गुप्ता को बधाई दी और कहा कि भाजपा की सरकार राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने 'धोखे और वादाखिलाफी के राज' को समाप्त कर सेवा और समर्पण की पर्याय भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा, ''आज नवगठित भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर रेखा गुप्ता तथा अन्य सभी मंत्रियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मोदी ने दिल्ली के वंचितों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए विकसित दिल्ली का जो विजन बनाया है।



### हर महीने ढाई हजार देने का वादा पूरा करेः आतिशी

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा की नयी सरकार को राष्ट्रीय राजधानी की प्रत्येक महिला को 2,500 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए। यह वादा भारतीय जनता पार्टी ने पांच फरवरी के विधानसभा चुनावों के दौरान किया था। आतिशी ने गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल को बधाई दी और कहा कि यह दिल्ली की महिलाओं के लिए खुशी की बात है कि शहर को चौथी महिला मुख्यमंत्री मिली है। आतिशी ने कहा, ''चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा नेताओं और खुद गुप्ता ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि हर महीने उनके खातों में 2,500 रुपये भेजे जाएंगे।



## रील बनाने के चक्कर में सड़क हादसा 10वीं के छात्र की मौत

**नोएडा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में 'रील' के लिए स्टंट कर वीडियो बना रहे एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में दो पहिया वाहन सवार 10वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई जबकि उसका साथी जख्मी हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छात्र ललित (17) अपने साथी मुनेश के साथ बाइक पर सवार होकर झांझर गांव स्थित इंटर कॉलेज से हाई स्कूल की परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने जा रहा था। थाना रबूपुरा के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि सड़क पर दो ट्रैक्टर चालक रील के लिए स्टंट कर वीडियो बना रहे थे, तभी एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घटना में बाइक सवार ललित की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका साथी मुनेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

- स्टंट कर रहे ट्रैक्टर चालक ने बाइक को मारी टक्कर

## सोशल मीडिया पर अश्लीलता : केंद्र का ओटीटी मंचों को परामर्श जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** सोशल मीडिया पर अश्लील चुटकुलों को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र ने ओटीटी मंचों को कानून द्वारा निषिद्ध सामग्री प्रसारित करने से परहेज करने को कहा है। ओटीटी(ओवर-द-टॉप) मंचों और स्व-नियामक संस्थाओं को जारी एक परामर्श में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने उन्हें सामग्री प्रकाशित करते समय आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) नियम-2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है, जिसमें सामग्री के आयु-आधारित वर्गीकरण का कड़ाई से पालन करना भी शामिल है। मंत्रालय ने ओटीटी मंचों के स्व-नियामक संस्थाओं को आचार संहिता के उल्लंघन पर सक्रियता से उपयुक्त कार्रवाई करने को भी कहा। मंत्रालय ने कहा कि उसे कुछ ओटीटी और सोशल मीडिया मंचों द्वारा अश्लील सामग्री का कथित तौर पर प्रसार किये जाने के बारे में सांसदों और वैधानिक संगठनों से शिकायतें मिली हैं।

- निषिद्ध सामग्री प्रसारित करने से परहेज करने को कहा

## नई दिल्ली में एनडीए दलों की हुई बैठक मोदी के अलावा कई सीएम हुए शामिल

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और घटक दल के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में पीएम मोदी ने सभी से कहा कि हम आगामी सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगे और देश में मजबूती से काम करेंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले डेढ़ साल में सभी चुनाव को चाहे बिहार हो बंगाल हो सभी एनडीए मजबूती से लड़ेगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव, जदयू के ललन सिंह, शिवसेना के एकनाथ शिंदे, हरियाणा के सीएम नायब सिंह, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के अलावा केशव चंद्र मौर्य, ब्रजेश पाठक शामिल हुए।

- एनडीए मजबूती से लड़ेगा बिहार और बंगाल का चुनाव

## केंद्र का अभियान : बीपी, डायबिटीज और कैंसर का पता लगाने सभी बड़े वयस्कों की मुफ्त जांच की जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में हाई ब्लड प्रेशर , डायबिटीज और कैंसर जैसी गंभीर गैर-संक्रामक बीमारियों के बढ़ते मामलों पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने 20 फरवरी से 31 मार्च तक एक विशेष जांच अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वयस्कों की मुफ्त जांच की जाएगी ताकि बीमारियों का समय पर पता लग सके।

### स्वास्थ्यकर्मी गांवों-शहरों में घर-घर जाकर करेंगे जांच

इसका उद्देश्य डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की समय रहते पहचान करना है। आशा कार्यकर्ता, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मी गांवों और शहरों में घर-घर जाकर लोगों की जांच करेंगे। यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर भी चलेगा। आईसीएमआर की रिपोर्ट है कि देश में 66 फीसदी मौतें गैर-संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन रोग जैसी बीमारियां 30 साल से अधिक उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ रही हैं जो एक बड़ी चुनौती बन चुकी है।

## आंध्र प्रदेश में पूर्व सीएम रेड्डी सहित 8 पर केस

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर में नल्लापाडु पुलिस स्टेशन में पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और 8 अन्य सहित वाईएसआरसीपी नेताओं के खिलाफ एमएलसी चुनावों के दौरान मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। निष्पक्ष चुनाव के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं।

## उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पेश किया 9वां बजट, किया ऐलान

# युवाओं को ब्याज मुक्त लोन, छात्राओं को स्कूटी देने का ऐलान, चार नए एक्सप्रेस-वे को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का 9वां बजट गुरुवार को पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आठ लाख, आठ हजार 736 करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट में कई बड़े ऐलान किए हैं। यूपी सरकार ने इस बजट में युवाओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं की हैं। युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रवाधान किया गया है। छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है।प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/ विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है।

### 92.919 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी रहेगी



वर्ष 2017 से दिसम्बर 2024 तक आरक्षी एवं समकक्ष, उप निरीक्षक एवं समकक्ष तथा लिपिक संवर्ग आदि के विभिन्न पदों पर कुल 1,56,206 भर्तियां की गई। वर्तमान में अराजपत्रित श्रेणी के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के 92.919 पदों पर भर्ती हेतु कार्यवाही प्रचलित है।लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाईयों की संख्या तथा 1.65 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश देश के सभी राज्यों में अग्रणी है।

**2066 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित :** प्रदेश में राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों, विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस की 11,800 सीटें और पीजी की 3971 सीटें उपलब्ध है। केंद्र ने वर्ष 2025-2026 में यूजी पीजी की कुल 10,000 सीटें जोड़े जाने की घोषणा की गई है, जिसमें से 1500 सीटें उत्तर प्रदेश को प्राप्त होंगी। इसके लिए लगभग 2066 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25